अत्याधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग करके राज्यों और जिलों की प्रकोप का पता लगाने और अनुक्रिया क्षमता को सुदृढ़ करने के लिए आईडीएसपी के तहत कार्यनीतिक स्वास्थ्य प्रचालन केंद्र (एसएचओसी) की स्थापना की गई है। एनसीडीसी के सभी प्रभागों और तकनीकी गतिविधियों को शामिल करते हुए 47 मानक प्रचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) के साथ एक संक्रामक रोग प्रकोप योजना तैयार की गई है जो किसी संक्रामक रोग प्रकोप की अनुक्रिया के दौरान एचएसओसी के उपयोग से संबंधित है। एसएचओपी को और सुदृढ़ किया जा रहा है।

MkVk ic/ku

आईडीएसपी के अधीन सप्ताहिक आधार (सोमवार–रविवार) पर महामारी जनित रोगों पर आंकड़े एकत्रित किए जाते हैं। इस जानकारी को तीन विशिष्ट रिपोर्टिंग फोर्मेट पर एकत्रित किया जाता है अर्थात् ''एस'' (सस्पेक्टिड केस), ''पी'' (प्रीजम्पटिव केस) एवं ''एल'' (लेबोरेटरी पुष्ट केस), इन्हें क्रमशः स्वास्थ्य कर्मचारी, क्लिनिसिएन एवं प्रयोगशाला स्टाफ द्वारा भरा जाता है। साप्ताहिक आंकड़े रोगों के मौसम तत्व एवं प्रवृत्ति पर सूचना देते हैं। जब कभी, किसी क्षेत्र में बीमारी बढ़ जाती है तो इसके प्रकोप को कम एवं नियंत्रण करने के लिए रैपिड रिस्पोंस टीम (आरआरटी) द्वारा जांच की जाती है। संबंधित राज्य/जिला निगरानी एककों द्वारा आंकड़ों का विश्लेषण किया जाता है तथा इस पर कार्रवाई की जाती है। वर्तमान में प्रमुख अस्पतालों से निगरानी आंकड़ों की रिपोर्टिंग पर जोर दिया जाता है। वर्तमान में देश में लगभग 90% जिले ई–मेल या पोर्टल के द्वारा महामारी वाली बीमारियों पर साप्ताहिक निगरानी आकंड़े भेजे जाते है।

ehfM;k Ldfux vkj lR;kiu idk"B

आईडीएसपी के तहत जुलाई 2008 में सत्यापन एवं प्रतिक्रिया के लिए संबंधित राज्यों/जिलों के साथ मीडिया एलटर्स को खोजने एवं बांटने के लिए मीडिया स्कैनिंग एवं सत्यापन प्रकोष्ठ की स्थापना की गई थी। जुलाई 2008 में इसकी स्थापना से नवंबर 2015 तक कुल 3487 मीडिया एलर्ट के बारे में रिपोर्ट दी गई है। अधिकांश एलर्ट डायरिया, भोजन जनित एवं वेक्टर जनित रोगों के संबंध में थे।

i;kx'kkykvk dk etcr cukuk

महामारी जनित रोगों के निदान के जिला प्रयोगशालाओं को मजबूत किया जा रहा है। अभी तक 29 राज्य में 105 प्रयोगशालाओं को चरणवार ढंग से कार्यशील किया गया है। इन लैबों में प्रशिक्षित कार्मिकों, अनिवार्य उपकरणों हेतु

निधि तथा रिएजेंट्स एवं उपभोज्य के लिए प्रति वर्ष प्रति लैब रू. 4 लाख के वार्षिक अनुदान की सहायता प्रदान की जा रही है।

चिह्निनत मेडिकल कॉलेजों एवं राज्यों में अन्य प्रमुख केंद्रों में विद्यमान कार्यशील लैबों का उपयोग करके एक राज्य आधारित रेफरल लैब नेटवर्क की स्थापना की गई है एवं उन्हें महामारी के फैलने के दौरान महामारी वाले रोग के लिए नैदानिक सेवाओं को प्रदान करने के लिए साथ वाले जिलों से जोड़ा गया है। 99 प्रयोगशालाओं को शामिल करते हुए 22 राज्यों में वर्तमान में यह नेटवर्क कार्यशील है।

इसके अतिरिक्त, देश में इंफ्लुएंजा निगरानी के लिए 12 प्रयोगशालाओं का एक नेटवर्क को विकसित किया गया है। ये प्रयोगशालाएं देश के विभिन्न क्षेत्रों में इंफ्लुएंजा ए एच1एन1 के क्लिनिक नमूनों की जांच कर रही हैं।

2008] 2009] 2010] 2011] 2012] 2013] 2014 vkj 2015 ¼08-11-2015 dk lekIr lIrkg rd½ e lHkh jkT;k@l?k jkT; {k=k }kjk fjikVZ fd, x, dy idkik dh jkT;okj l[;k¼

Ø- l-	jkT;@l?k jkT; {k=	o"k								dy
		2008	2009	2010	2011	2012	2013	2014	2015	
1	अंडमान एवं निकोबार	0	0	0	0	0	1			1
2	आंध्र प्रदेश	72	64	75	91	97	123	64	47	633
3	अरूणांचल प्रदेश	6	6	6	10	9	7	8	17	69
4	असम	16	30	53	97	75	70	84	68	493
5	बिहार	1	6	21	144	181	134	86	96	669
6	चंडीगढ़	3	3	2	1	5	0		7	21
7	छत्तीसगढ़	1	7	2	55	45	58	50	49	267
8	दादरा और नगर हवेली	0	0	1	0	0	2	3	16	22
9	दमन और दीव	0	1	1	0	2	0		3	7
10	दिल्ली	3	1	0	3	1	4	4	11	27
11	गोवा	2	3	0	2	1	8		5	21
12	गुजरात	24	49	83	150	102	117	109	113	747
13	हरियाणा	10	9	18	21	19	15	27	24	143
14	हिमाचल प्रदेश	3	13	7	4	13	5	11	22	78
15	जम्मू–कश्मीर	*	*	2	23	43	54	33	41	196
16	झारखंड	*	5	4	29	24	50	53	62	227
17	कर्नाटक	54	97	89	196	156	251	163	161	1167
18	केरल	17	47	54	56	80	76	74	83	487
19	लक्षद्वीप	*	*	*	*	*	*	2	1	3
20	मध्य प्रदेश	16	65	70	89	65	98	83	123	609
21	महाराष्ट्र	99	27	65	141	215	256	205	167	1175
22	मणिपुर	1	2	2	4	1	4	4	4	22
23	मेघालय	5	3	2	1	1	1	3	12	28
24	मिजोरम	5	0	0	0	1	1	2	4	13
25	नगालैंड	0	1	2	1	0	1	1	2	8
26	ओड़िशा	17	38	19	55	36	113	87	66	431

27	पुद्दुचेरी	3	2	4	1	2	0	5	1	18
28	पंजाब	17	22	18	44	34	24	21	39	219
29	राजस्थान	8	43	84	68	41	33	33	58	368
30	सिक्किम	3	0	2	4	1	3	3	3	19
31	तमिलनाडु	50	113	90	127	173	149	122	112	936
32	तेलंगाना							7	27	34
33	त्रिपुरा	1	2	2	7	3	4	13	8	40
34	उत्तर प्रदेश	40	67	98	34	40	37	35	112	463
35	उत्तराखंड	27	30	25	36	23	33	19	19	212
36	पश्चिम बंगाल	49	43	89	181	95	232	148	136	973
	d|y	553	799	990	1675	1584	1964	1562	1719	10846

16-12-2 jk"Vh; jkx fu;=.k dUæ dk 382 djkM #i;s dh ykxr l mUur cuk;k tk jgk gA

- अभी तक फेज –1 के तहत 95 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है।
- सभी राज्यों एक केन्द्र शासित प्रदेश में 367.60 करोड़ रुपए की लागत पर एनसीडीसी की 30 शाखाओं (8 मौजूदा शाखाओं सहित) की स्थापना करने का प्रस्ताव है।
- राज्यों से एनसीडीसी शाखा की स्थापना के लिए 2–3 एकड़ भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

16-12-3 ijthoh jkx iHkkx

¼i½ ;kt mUeyu dk;Øe ¼okbbZih½

याज उन्मूलन कार्यक्रम को ओडिशा के कोरापुट जिले में वर्ष 1996–97 में केंद्र द्वारा प्रायोजित योजना के रूप में शुरू किया गया था, जिसे बाद में दस राज्यों (आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, झारखंड, असम और गुजरात) में सभी 51 याज स्थानिक जिलों को शामिल करने के लिए विस्तारित किया गया था। कार्यक्रम का लक्ष्य देश के दुर्गम आदिवासी क्षेत्रों तक पहुंच बनाना था।

इस कार्यक्रम की योजना, निगरानी और मूल्यांकन के लिए राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र को नोडल एजेंसी के रूप में चिह्नित किया गया था। 1996 से 2003 तक की अवधि के दौरान सूचित मामलों की संख्या 3751 से घटकर शून्य हो गई है और उसके बाद नवम्बर, 2013 तक किसी भी राज्य से किसी मामले की सचूना प्राप्त नहीं हुई है।

इस रोग को दिनांक 19 सितम्बर, 2006 को उन्मूलित घोषित कर दिया गया है। डब्ल्यूएचओ के एक अन्तर्राष्ट्रीय सत्यापन दल (आईवीटी) जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय विशेषज्ञ शामिल होते है, नें 4–17 अक्तूबर, 2015 के दौरान भारत की यात्रा की। आईवीटी ने विश्व स्वास्थ्य संगठन को दृढ़तापूर्वक सिफारिश किया कि वह भारत के लिए याज उन्मूलन प्रमाण पत्र जारी करने पर विचार करे।

¼ii½ fxuh dfe mUeyu dk;Øe ¼thMCY;bih½ %

वर्ष 1983–84 में, भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा गिनी कृमि उन्मूलन कार्यक्रम (जीडब्ल्यूईपी) की योजना, समन्वयन, मार्गदर्शन और मूल्यांकन के लिए राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र को नोडल एजेंसी बनाया गया था। वर्ष 1984 में कार्यक्रम की शुरूआत में, सात स्थानिक राज्यों अर्थात आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान के 89 जिलों में 12,840 गिनी कृमि स्थानिक गांवों में लगभग 40,000 गिनी कृमि के मामले सूचित किए गए थे। तमिलनाडु राज्य 1982 से गिनी कृमि रोग से मुक्त रहा है।

भारत में अंतिम गिनी कृमि मामला जुलाई 1996 में राजस्थान के जोधपुर जिले से सूचित किया गया था। विश्व स्वास्थ्य

संगठन ने फरवरी 2000 में भारत को गिनी कृमि रोग मुक्त राष्ट्र घोषित किया। तथापि, रोग के वैश्विक रूप से उन्मूलन होने तक नेमी सर्विलांस जारी रखा जा रहा है।

16-12-4 i'kqtU; jksx izHkkx

इस प्रभाग का उद्देय, देश में पशुजन्य रोग एवं उसके नियंत्रण के क्षेत्र में इसके फैलने की जांच हेतु तकनीकी सहायता प्रदान करना, प्रचलनात्मक शोध करना और प्रशिक्षित जन शक्ति का विकास करना है। राज्य सरकारों को जन स्वास्थ्य महत्व के पशुजन्य संक्रमणों के प्रयोगशाला निदान हेतु नैदानिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

इस प्रभाग में प्लेग हेतु संदर्भ प्रयोगशाला है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा इसे रेबीज हेतु विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोगी केंद्र के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। वर्तमान में निम्नलिखित पशुजन्य रोग पर कार्य किया जा रहा हैः रेबीज, काला अजार, टोक्सोप्लास्मा, ब्रूसेलोसिस, संक्रमण (डेंगू, जेई व चिकुनगुनिया), और लेप्टोस्पायरोसिस, रिकेटसियोसिस, हाइडेटीडोसिस अर्बोवायरल रोग, प्लेग–रोडेंट सीरा और ऑर्गन एंथ्रेक्स। वायरस आइसोलेशन एलिसा द्वारा लाईम रोग, एलिसा द्वारा सिस्टीसेरकोसिस निदान और एलिसा द्वारा हांटा वायरस।

12oha iapo"kh; ;kstuk dh rgr ¼2012&2017½ rhu ubZ igysa

- jk"Vªh; jschl fu;a=.k dk;Øe½ इसके दो घटक है अर्थात मानव घटक जिसे सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में लागू किया जा रहा है। एनसीडीसी नोडल केंद्र है। पशु स्वास्थ्य घटक का हरियाणा और चेन्नई में पायलट परीक्षण किया जा रहा है। भारतीय पशु कल्याण बोर्ड, पर्यावरण और वन मंत्रालय नोडल एजेंसी है।
- yIVkLikbjksfll jksdFkke vkSj fu;a=.k dk;Øe½ इसे स्थानिक राज्यों अर्थात तमिलनाडु, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, केरल और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में लागू किया जा रहा है
- vUr{ks=h; tukfVd jksx jksdFkke vkSj fu;a=.k leUo; dk lq–<+hdj.k

16-12-5- lw{e tho foKku izHkkx ¼lh,vkjMh rFkk tSo izkS|ksfxdh lfgr½

¼i½ izHkkx dh eq[; xfrfof/k;ka

- वायरल, बैक्टीरियल और माइकोटिक रोगों के लिए रेफरल निदान सेवाएं। इनमें प्रमुख हैं, इन्फ्लुएंजा, पोलियो, हेपेटाइटिस, खसरा, हैजा, मेनिंगोकोकस इत्यादि।
- पोलियो सर्विलांस (एएफपी), और पर्यावरणीय (मलमूत्र) पोलियो वायरस सर्विलांस हेतु राष्ट्रीय प्रयोगशाला।
- प्रकोप अन्वेषणों के लिए प्रयोगशाला सहायता।
- एकीकृत रोग सर्विलांस प्रोजेक्ट (आईडीएसपी) हेतु प्रयोगशाला सहायता।
- पर्यावरणीय नमूनों का सूक्ष्म जीव विज्ञानी विश्लेषण।
- संचारी रोगों के प्रयोगशाला पहलुओं संबंधी प्रशिक्षण।
- देश में विभिन्न संगठनों और संस्थानों में सहयोगी प्रयोगशालाओं हेतु प्रकोप अन्वेषण के रूप में अभिकर्मकों, संवर्धन माध्यम, नैदानिक किट और अन्य सामग्री तैयार करना और उसकी आपूर्ति; और
- दुर्लभ तथा नए पैथोगेन की जांच (उदाहरण इबोला वायरस)।

¼ii½ dk;Øe

jk"Vªh; ,Vh&ekbØkscs;y izfrjks/k jksdFkke dk;Øe

- कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए डीजीएचएस की अध्यक्षता में 2 पृथक समूहों अर्थात् विशेषज्ञ कार्य दल और निगरानी समिति का गठन किया गया है।
- कार्यक्रम के पहले चरण में 10 मेडिकल कॉलेज लैब की पहचान की गई है। इन कॉलेजों और एनसीडीसी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

कर लिया गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के आईएफडी से धनराशि का हस्तातंरण किया जा रहा है।

- चिकित्सा विज्ञान के विभिन्न संकायों में विशेषज्ञ कटिंग के बड़े समूह द्वारा विभिन्न संक्रामक रोगों में एंटिमाइक्रोबायल के प्रयोग हेतु एक सामान्य यूनिफायड jk"Vªh; mipkj fn'kkfun'sZ'k विकसित किया गया है।

Hkkjr esa jk"Vªh; ok;jy gsisVkbfVl fuxjkuh dk;ZØe

- सुरक्षित इंजेक्शन रीतियों पर दिशानिर्देश तैयार किए गए हैं और डॉक्टरों तथा अन्य स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों के उपयोग के लिए जारी किए गए हैं।
- वायरल हैपेटाइटिस रोकथाम और नियंत्रण पर दिशानिर्देश पूरा होने की अंतिम अवस्था में हैं और इन्हें शीघ्र ही जारी किया जाएगा।
- देश भर में वायरल हैपेटाइटिस पर प्रयोगशाला आधारित डेटा तैयार करने के लिए कुछ ही समय में 10 प्रयोगशालाओं का एक नेटवर्क स्थापित किया जाएगा।

jk"Vªh; bU¶yq,atk fuxjkuh

आईएलआई निगरानी के माध्यम से इन्फ्लूएंजा वायरस पर गुणवत्तापूर्ण डेटा तैयार करने के लिए देश भर के मेडिकल कॉलेजों में स्थित 12 प्रयोगशालाओं का एक नेटवर्क स्थापित किया गया है।

¼iii½ ifj;kstuk,¡

- एनसीडीसी पहले से ही कई वर्षों से खसरा के लिए परीक्षण कर रहा है। अब एनसीडीसी डब्ल्यूएचओ के साथ सहयोग में [kljk mUewyu ifj;kstuk का एक हिस्सा है क्योंकि एनसीडीसी के विषाणु विज्ञान प्रयोगशाला को इस परियोजना के लिए अनुमोदित कर दिया गया है। कर्मचारियों को पहले से ही खसरा नमूनों की जांच के लिए प्रशिक्षित कर दिया गया है।
- एनसीडीसी पहले से ही jk"Vªh; iksfy;ks fuxjkuh ifj;kstuk ¼,uih,lih½ का एक हिस्सा हो गया है। वर्तमान में, प्रयोगशाला द्वारा पोलियो वायरस का अलगाव और पोलियो वायरस का इंट्रा–टाइप विशिष्टिकरण किया जा रहा है। पोलियो वायरस के नमूने को जीनोमिक अनुक्रमण के लिए ईआरसी, मुम्बई भेजा जाता है।
- ,Mªl çHkkx ने परियोजना को पूरा कर लिया था। एनएफएचएस 4 आईआईपीएस द्वारा वित्त पोषित परियोजना है, अप्रैल, 2015 से अक्टूबर, 2015 तक के महीने में लॉग इन नमूनों की संख्या 17,481 थी।
- vfrlkjh; jksx iz;ksx'kkyk द्वारा (डीडीएल) 1968 के बाद से प्रयोगशाला ¼fnYyh vkj mlds vklikl iz;ksx'kkyk vk/kkfjr gStk dh fuxjkuh½ संचालित किया गया है। प्रयोगशाला को संदिग्ध तीव्र आंत्रशोध या हैजा के मामलों से वर्ष के दौरान आईडी अस्पताल से 104 रेक्टल स्वाब नमूने प्राप्त हुए।
- MhMh,y (पिछले 10 साल से) ^^v:.kk vklQ vyh vLirky dh cky fpfdRlk vkcknh esa rhoz vka=‘kkFk ds ekeyksa dk v/;;u** uked ,d vU; ifj;kstuk lapkfyr dj jgk gSA इस बाल चिकित्सा आबादी से तीव्र आंत्रशोथ के 67 मल के संदिग्ध नमूने प्राप्त हुए थे।
- शुरू की गई नई परियोजनाएं: ^^v:.kk vklQ vyh vLirky] fnYyh esa HkrhZ fd, x, 0&5 lky ds cPpksa esa jkVk ok;jl ij fuxjkuh v/;;u**A कुल 67 नमूने प्राप्त किए गए।
- नई परियोजना: एएए अस्पताल के सहयोग से जनवरी, 2014 में ^^fnYyh ljdkj ds ,d vLirky ds cky jksx xgu fpfdRlk d{k esa cDVhfj;k ;k dod jksxtudksa ds dkj.k uotkr lsfIVlhfe;k dk tYnh irk yxkus ds fy,** एक नई परियोजना शुरू की गई थी। इसे एक अस्पताल के गहन चिकित्सा कक्ष में नवजात सेप्टीसीमिया के लिए जिम्मेदार फंगल और बैक्टीरियल रोगजनकों का बोझ निर्धारित करना था। अवधि के दौरान रक्त कल्चर के 16 नमूनें प्राप्त हुए।

¼iv½ izdksiksa dh tkap

- डॉ. सोमनाथ करमाकर, संयुक्त निदेशक, एनसीडीसी ने एवियन इन्फ्लुएंजा रोकथाम के उपायों के लिए

हैदराबाद (15 से 24 अप्रैल, 2015 तक) का दौरा किया।

- कानपुर, उत्तर प्रदेश में एनसीडीसी के अधिकारियों की एक टीम द्वारा रहस्यमय बुखार के प्रकोप की जांच की गई।

¼v½ okf"kZd mRiknu

ySc dk uke	tkap dk uke lalkf/kr	ueuksa dh la[;k@ifj.kke
fo"kk.kq foKku ç;kx'kkyk&1	पोलियो वायरस आयसोलेशन	9055 स्टूल नमूनों और 248 सीवेज नमूनों को संसाधित किया गया
	खसरा, ईबीवी, पार्वो वायरस, छोटी चेचक दाद वायरस और मंप्स निदान।	382 सीरम
fo"kk.kfoKku&II ¼,p1,u1½ ç;kx'kkyk	पीसीआर द्वारा पेंडेमिक इन्फ्लूएंजा ए एच1एन1, एच3एन3 और इन्फ्लूएंजा बी।	रियल टाईम पीसीआर द्वारा वीटीएम नमूनों में 929 थ्रोट स्वाब का परीक्षण किया गया
	इन्फलुएंजा प्रहरी निगरानी।	दिल्ली के 2 साइटों से 261 नमूनों को प्रोसेस किया गया
	रूबेला आईजीजी/आईजीएमय सीएमवीआईजीएम और एचएसवी–1/2आईजीएम के लिए।	टेराटोजेनिक वायरस के लिए 1,262 सीरम नमूनों का परीक्षण
gsiVkbfVl ç;kx'kkyk	एंटी एचएवी–आईजीएमय एंटि एचईवी–आईजीएमय एंटि एचसीवी और एचबीएसएजी के लिए	400 सीरम
thok.kq ç;kx'kkyk	विभिन्न रोग जनकों जैसे ई. कोलाई, क्लेबसिएला, स्यूडोमोनास, स्ताफ्ग्लोकोच्चुस औरेटस, स्ट्रैपटोकोकस, प्रोटियस, एसेनेटोबैक्टर, इन्टेरोकोकस और कोरिनेबैक्टेरियम डिफ्थेरिया के आईसोलेशन के लिए।	267 यूरिन कल्चर 93 ब्लड कल्चर, 15 पस 22 सीएसएफ/रक्त के नमूने (दिमागी बुखार के लिए) और (वाईडल परीक्षण के लिए) 60 रक्त के नमूने प्रोसेस किए गए।
vfrlkj jkx ç;kx'kkyk	प्योर कल्चर, विब्रियो हैजा, एनएजी विब्रियो, शिगेला, साल्मोनेला, गियार्डिया और रोटा वायरस में ई.कोलाई का पता लगाने के लिए।	कल्चर, माइक्रोस्कोपी और एलिसा तरीकों से 184 स्टूल/रेक्टल स्वाब प्रोसेस किए गए।
	बैक्टीरियल आइसोलेट के एंटीबायोटिक सेंसिविटी पैटर्न की जांच।	32 रोगाणुरोधी सेंसिविटी के परीक्षण किए गए।
i;kZoj.k ç;kx'kkyk	नमूना पोर्टेबिलिटी निर्धारित करने के लिए जल का जीवाणु विश्लेषण।	एमपीएन विधि द्वारा जीवाणु विश्लेषण के लिए 184 पानी के नमूने प्रोसेस किए गए।
	पोलियो वायरस के आयसोलेशन के लिए।	राष्ट्रीय पोलियो निगरानी कार्यक्रम के तहत 276 सीवेज नमूने प्रोसेस किए गए
{k; jkx ç;kx'kkyk	आयसोलेशन के लिए–माइकोबेक्टीरियम क्षयरोग की पहचान	माइक्रोस्कोपी/कल्चर के लिए थूक के 22 नमूने
efMdy ek;dksy,th ç;kx'kkyk	फंगल कल्चर/सेरो–निदान के लिए	सीएसएफ, थूक, ऊतक के 18 नमूनों को संसोधित किए गए।
dYpj ehfM;k vkiwfrZ	प्रयोगशाला निदान, निगरानी और क्षेत्र जांच के लिए	कल्चर प्लेटों और ट्यूबों की कुल 14860 संख्या तैयार की गई और विभिन्न प्रयोगशालाओं/प्रभागों की आपूर्ति की गई।
tSo çkS|kfxdh çHkkx	एचआईवी–1 में डीसी–साईन जीन रीजन (634 बीपी) और पी–24जीन रीजन (717 बीपी): एचसीवीआरएनए, (249 बीपी) के लिए और डेंगू विशिष्ट–सीपीआरएम जीन (511 बीपी) का पता लगाने के लिए।	पीसीआर/आरटीपीसीआर प्रवर्धन और बाद में स्वचालित अनुक्रमण के लिए सीरम के 80 नमूने
,M~l vkSj lacf/kr jksx dsUæ	एचआईवी सिरोस्टेटस, प्रहरी निगरानी जांच और आईसीटीसी ग्राहक परीक्षण की पुष्टि के लिए।	सीरम के 873 नमूनों का परीक्षण किया गया
	लिंक्ड एसआरएल और उनके संबद्ध आईसीटीसी के लिए प्रवीणता परीक्षण (पीटी) पैनल तैयार करना और वितरण करना	12 सदस्यों को वितरित किया गया।
	एनएआरआई, पुणे द्वारा एचआईवी सीरम विज्ञान आयोजन के लिए ईक्यूएएस में भाग लिया।	100% सामंजस्य प्राप्त।
	एचआईवी/एचबीवी/एचसीवी के लिए।	निदान किट के 20 बैचों का मूल्यांकन किया गया।

16-12-6 ,ulhMh dsUnz vkSj tSo jlk;u foHkkx

गैर–संचारी रोग (एनसीडी) को एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरे के रूप में उद्भव को देखते हुए निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ 24 फरवरी, 2015 को राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र में गैर–संचारी रोग केन्द्र की स्थापना की गई:

- देश में गैर–संचारी रोगों (एनसीडी) की रोकथाम और नियंत्रण के लिए नीतिगत विश्लेषण और नीतिगत विकास को सुविधाजनक बनाना।
- देश में एनसीडी की रोकथाम और नियंत्रण के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल पर विशेष ध्यान देने के साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के मानव संसाधन और निदान मामले में क्षमता निर्माण।

2015 के दौरान एनसीडी ने जन स्वास्थ्य महत्व के अंतर्राष्ट्रीय दिवसों अर्थात् विश्व तम्बाकू निषेध दिवस, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और विश्व हृदय दिवस को मनाने की वकालत के साथ अपनी गतिविधियों को शुरू किया।

एनसीडी केन्द्र के स्पष्ट रूप से अधिदेश निर्धारित करने के लिए दिनांक 25 जून, 2015 को डॉ. एन.एस. धर्मशक्तु, स्वास्थ्य सेवा अपर महानिदेशक की अध्यक्षता में एनसीडी पर एक विशेषज्ञ समूह की बैठक का आयोजन किया गया।

एनसीडी केन्द्र अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियमों (आईएचआर 2005) के साथ भी समन्वय कर रहा है।

ck;kdfeLVh iHkkx

अपर महानिदेशक स्वास्थ्य सेवा डॉ एन.एस. धर्मशक्तु की अध्यक्षता में 13.2.2015 को एनसीडीसी के बॉयोकैमिस्ट्री प्रभाग के सुदृढ़ीकरण हेतु सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया था। समिति की प्रमुख सिफारिशें हैं: (i) ढांचागत विकास (इम्युनोलॉजी, टॉक्सीकोलॉजी, जेनेटिक्स और मॉल्यूकुलर बॉयोलॉजी हेतु) (ii) उत्कृष्टता के राष्ट्रीय संस्थानों के साथ नेटवर्क लिंकेज और सहयोग तथा (iii) परामर्शदाताओं की भर्ती।

16-12-7 i;koj.k ,oa 0;kolkf;d LokLF; dsaæ

¼i½ çHkkx dh mi & ,dd @ mi&çHkkx @ ç;kx'kkykvksa dk fl)karoykdu

पर्यावरण एवं व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र एनसीडीसी में एक नया प्रभाग है जिसकी स्थापना निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ फरवरी, 2015 माह में की गई थी:

- पर्यावरण एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यावसायिक चुनौतियों के मूल कारणों से निपटने तथा विकास के उभरते हुए एवं पुनः उभरते परिणामों की अनुक्रिया में सभी क्षेत्रों में लोक नीतियों को प्रभावित करने पर लक्षित प्राथमिक निवारण में तेजी लाकर स्वास्थ, पर्यावरण बनाने के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र के नेतृत्व में वृद्धि करना।
- पर्यावरण एवं व्यावसायिक स्वास्थ्य नीति–निर्धारण, निवारक कार्यकलापों की आयोजना, सेवा प्रदानगी तथा निगरानी के सुदृढ़ीकरण के लिए केंद्र तथा राज्य सरकारों को तकनीकी सहायता एवं मदद प्रदान करना।
- पर्यावरण प्रदूषण एवं व्यावसायिक जोखिमों से जुड़ी बीमारियों के भार को कम करने वाले कार्यों की पहचान, मूल्यांकन तथा संवर्धन करना।
- पर्यावरण तथा स्वास्थ्यं संबंधी व्यावसायिक मुख्य जोखिमों के संबंध में साक्ष्य आधारित मूल्यांकन करना तथा मानक एवं दिशा–निर्देश तैयार करना और इनका अद्यतन करना।
- आपदा आने के उपरांत स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों को कम करने के लिए तैयारी तथा समय–पूर्वक अनुक्रिया के लिए तकनीकी एवं प्रचलनात्मक दिशा–निर्देश तथा मैनुअल, क्षमता–निर्माण विकसित करने हेतु सहायता।
- कार्यक्रम संबंधी गतिविधियों में सहायता प्रदान करने हेतु महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ऑपरेशनल रिसर्च की योजना बनाना तथा ऑपरेशनल रिसर्च करना।

¼ii½ i;koj.k ,oa 0;kolkf;d LokLF; dsaæ }kjk vk;ksftr eq[; fØ;kdyki

- केंद्र द्वारा जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य संबंधी राष्ट्रीय विशेषज्ञ समूह (एनईजीसीसीएच) को सहयोग प्रदान किया गया है। देश में जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य के संबंध में नीति, कार्यनीति तथा कार्ययोजना तैयार करने के लिए उपलब्ध तकनीकी संसाधनों का उपयोग करने हेतु प्रमुख शिक्षा शास्त्रियों, अनुसंधानकर्त्ताओं, प्रशासकों और

नीति–निर्माताओं को शामिल करते हुए जलवायु परिवर्तन एवं स्वास्थ्य संबंधी एक राष्ट्रीय विशेषज्ञ समूह का गठन किया गया है।

- केंद्र द्वारा व्यापक पर्यावरण प्रदूषण सूचकांक (सीईपीआई) के लिए गंभीर रूप से प्रदूषित क्षेत्रों में स्वास्थ्य प्रभाव के संबंध में जानकारी देने/सृजित करने हेतु पद्धति विकसित करने के लिए निदेशक, एनसीडीसी की अध्यक्षता में गठित कोर समिति की बैठकों में समन्वय स्थापित किया जा रहा है।

16-12-8 tkuifnd jksxfoKku izHkkx

1- tu'kfä fodkl% राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) दिल्ली जानपदिक रोग विज्ञान और प्रशिक्षण हेतु विश्व स्वास्थ्य संगठन का सहयोगी केंद्र है। इन पाठ्यक्रमों में देश के विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से भागीदार आते हैं। इसके साथ–साथ, कुछ पड़ोसी देशों जैसे नेपाल, भूटान, श्रीलंका, थाइलैण्ड, तिमोरलेस्टे, मालदीव और इंडोनेशिया से भी कुछ प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी प्रशिक्षु भाग लेते हैं। एनसीडीसी द्वारा एमपीएच (एफई) पाठ्यक्रम के लिए जीजीएसआईपी विश्वविद्यालय के साथ और जानपदिक रोग विज्ञान में कार्मिकों के सृजन के लिए जीडीडी भारत के साथ सहयोग किया जा रहा है।

lfpr vof/k dk nkjku vk;ksftr çf'k{k.k ikBîØe%

- दक्षिण पश्चिम एशियाई क्षेत्र के पेरामेडिकल कर्मियों के लिए lapkjh jksxksa dk fuokj.k vkSj fu;=.k ij çknsf'kd çf'k{k.k dk;ZØe 28 अक्टूबर, से 24 नवंबर, 2014 में शुरू किया गया। प्रशिक्षण में दो देशों के 9 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

- Hkkjr&egkekjh vklpuk lsok, ¼bZvkbZ,l½(भारत ईआईएस प्रशिक्षण का चौथा बैच 5 अक्तूबर, 2015 को शुरू किया गया। यह संयुक्त राज्य अमेरिका रोग नियंत्रण केंद्र, अटलांटा के सहयोग से भारत सरकार द्वारा की गई एक पहल है। [कुल 24 अधिकारी (तीसरे बैच में तेरह और चौथे बैच में ग्यारह) प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं]।

2. जानपदिक रोग विज्ञान प्रभाग के अधिकारियों ने ईआईएस अधिकारियों द्वारा किए गए प्रकोपों की जांच की निगरानी की। रोग के प्रकोपों की जांच और उनके नियंत्रण के लिए राज्य सरकार को तकनीकी सहयोग प्रदान करने का प्रावधान।

3. संस्थान की तीन शाखाओं, नामतः अलवर (राजस्थान), जगदलपुर (छत्तीसगढ़) और कुन्नूर (तमिलनाडु) को i'kklfud ,oa rduhdh lg;ksx miyC/k djkuk।

4. विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों को विभिनन घटकों/संकेतकों के नियंत्रण, कार्मिक सृजन तथा मूल्यांकन के लिए दिशा–निर्देश तैयार करने के रूप में rduhdh lg;ksx उपलब्ध कराना।

5. tkap fd, x, izdksi@Rofjr LokLF; vkdyu% इस अवधि के दौरान, जानपदिक रोग विज्ञान प्रभाग के अधिकारियों ने देश में प्रकोपों की जांच की और प्राधिकारियों को उनके नियंत्रण के उपाय सुझाए।

6. lhMh prkouh% राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र, दिल्ली ने संचारी रोग नियंत्रण और रोग नियंत्रण की सूचना के तीव्र प्रसार हेतु महत्वपूर्ण उपकरण पर एक बुलेटिन प्रकाशित किया है।

7. ,ulhMhlh U;wtyssVj% यह राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र (एनसीडीसी) का तिमाही प्रकाशन है। इस न्यूजलेटर का उद्देश्य है कि प्रकोपों पर जानकारी, एनसीडीसी में विभिन्न विभागों के कार्यक्रमों की जानकारी, तकनीकी और कार्यक्रम संबंधी समाचार उपलब्ध कराना है।

16-12-9 fpfdRlk dhVfoKku ,oa oSDVj çca/ku dsæ

चिकित्सा कीटविज्ञान एवं वेक्टर प्रबंधन केंद्र को, अनुसंधान करने, तकनीकी सहायता प्रदान करने और वेक्टर जनित रोगों और उनके नियंत्रण के क्षेत्र में प्रशिक्षित जनशक्ति विकसित करने के लिए, एक राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र के रूप

में विकसित करने हेतु पुनर्गठित किया जा रहा है। यह केंद्र वेक्टर–जनित रोगों और उनके नियंत्रण के प्रकोप अन्वेषणों एवं कीट विज्ञान सर्विलांस पर विभिन्न राज्यों और संगठनों तकनीकी मार्गदर्शन, सहायता और सुझाव प्रदान करता है। प्रमुख उपलब्धियां निम्नलिखित हैंः–

- एमपीएच, चिकित्सा – कवक विज्ञानी तथा पी.जी. डिप्लोमा की स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय से स्वीकृति मिल गई है और इसे संबद्धता हेतु गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय को प्रस्तुत कर दिया गया है।

- बौहारा ग्राम, भीतर गांव पीएचसी, कानपुर देहात जिला, उत्तर प्रदेश में रहस्यमयी ज्वर के प्रकोप की जांच तथा पुन्हातना सीएचसी मेवात जिला, हरियाणा में मलेरिया के प्रकोप की जांच की गई थी।

- गोवा, अमृतसर, कांडला तथा विशाखापट्टनम में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों/बंदरगाहों में *एडीज* निगरानी भी की गई थी तथा अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य, एमओएचएफ एवं डब्ल्यूएफ को सूचना दी गई।

- {kerk fuek.k

  (1) केंद्रीय सरकार के दिल्ली स्थित अस्पताल, के सेनेटरी अधिकारी, सेनेटरी निरीक्षक तथा स्वास्थ्य निरीक्षक के लिए डेंगू निगरानी संबंधित प्रशिक्षण आयोजित किया गया है।

  (2) वेक्टर जनित रोगों से संबंधित कीट विज्ञान पहलुओं के संबंध में bvkb,l vf/kdkfj;k d fy, dhV foKkuh çf'k{k.k भी आयोजित किया गया था।

- çxfr jr vul/kku ifj;ktuk,% Þ dhV foKkuh fuxjkuh d fy, rFkk fnYyh e Mx d çdki d fy, 'kh?k prkouh ldrk dk irk yxku d fy, çkVkd,y r;kj djuk% कुल 252 स्थानों पर एडीज के पनपने की खोज की गई थी और फरवरी 2016 तक कुल 110 स्थानों को पॉजिटिव पाया गया था। मुख्य रूप से IykfLVd LVkj t] dyjk] lheV Vdk rFkk vkoj gM Vdk में मच्छर पनपने का पता लगाया गया। प्लास्टिक भंडारण पात्रों में अपरिपक्व का अधिकतम प्रजनन होता है।

16-12-10 eyfj;k foKku ,o leUo; çHkkx%

प्रभाग की व्यापक गतिविधियां

- प्रकोप अन्वेषणों हेतु तकनीकी सहायता प्रदान करना, प्रचलनात्मक अनुसंधान करना और देश में मलेरिया रोग व उसके नियंत्रण के क्षेत्र में प्रशिक्षित जनशक्ति विकसित करना;
- मलेरिया संक्रमण की प्रयोगशाला निदान हेतु राज्य सरकार को चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराना
- एनसीडीसी में उच्चाधिकारियों/प्रतिनिधिमंडलों के दौरों का समन्वय; और
- मेडिकल, नर्सिंग और होमियोपैथिक स्नातक–पूर्व और परास्नातक छात्रों के लघु अवधि के अभिमुखी/प्रशिक्षण दौरों का समन्वय।

1. कुल 1479 (1 अप्रैल, 2015 से 17 नवंबर, 2015 तक) रक्त स्लाइडों की जांच की गई थीं और 90 पॉजीटिव पाई गईं (पीवी–84 और पीएफ–05 और पीएम–01)। 848 स्लाइडें सरकारी अस्पतालों से और 599 निजी अस्पतालों से प्राप्त हुई थीं। 32 स्लाइडें एनसीआर क्षेत्र से प्राप्त हुई थीं (गाजियाबाद, सोनीपत, बागपत, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और फरीदाबाद)।
2. यह प्रभाग दौरे पर मेडिकल, नर्सिंग और होमियोपैथिक स्नातक–पूर्व और परास्नातक छात्रों को नियमित लघु अवधि अभिमुखी/प्रशिक्षण प्रदान करता है। विभिन्न संस्थानों अर्थात् अस्पतालों, पशुचिकित्सा आर्मी अधिकारी, आर्मी के एमबीबीएस छात्र, एएफएमसी के मेडिकल अधिकारी, बीएसएफ के वरिष्ठ मेडिकल अधिकारी, एमडी (सीएचए) एवं डीएचए के अंतिम

वर्ष के छात्र, विभिन्न नर्सिंग संस्थानों के नर्सिंग छात्र (स्नातक और स्नातकोत्तर), मेडिकल कॉलेजों के सामुदायिक चिकित्सा के स्नातककोत्तर छात्रों को मिलाकर कुल 205 छात्र हैं।

16-12-11 lkf[,kdh; ekuhVfjax rFkk eY;kadu ,dd%

I. tu LokLF; esa LukrdksRrj ¼,QbZ½ यह संस्थान द्विवर्षीय मास्टर इन पब्लिक हैल्थ (फील्ड जानपदिक रोग विज्ञानी) (एमपीएच(एफई)) पाठ्यक्रम संचालित करता है। वर्ष 2014 में कुल 6 (छः) तथा वर्ष 2015 में 4 (चार) विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। वर्ष 2015–17 के बैच के लिए तीन (3) छात्रों को नामांकित किया गया है।

II. çf'k{k.k जून–जुलाई, 2014 के दौरान एनसीडीसी के अधिकारियों / स्टॉफ तथा एनसीडीसी शाखा के अधिकारियों / स्टॉफ के लिए कंप्यूटर प्रशिक्षण सहित जैव सांख्यिकी संबंधी दो प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए।

16-13 dsaæh; vuqla/kku laLFkku ¼lhvkjvkbZ½] dlkSyh

केंद्रीय अनुसंधान संस्थान की स्थापना 1905 में की गई थी। यह भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय का अधीनस्थ कार्यालय है। वर्तमान में, यह संस्थान (i) वैक्सीन तथा सीरा के उत्पादन (ii) प्रतिरक्षण विज्ञान तथा टीकाविज्ञान के क्षेत्र मैं अनुसंधान तथा विकास, और (iii) शिक्षण एवं प्रशिक्षण दे रहा है।

16-13-1 pkyw o"kZ dk nkSjku fu"iknu

Ø-l-	Vhdk vkSj ,UVh lhje	LFkkfir {kerk ¼yk[k 'kh'kh e½	mRiknu	% mRikfnr	ekax	vkiwfrZ	% vkiwfrZ
1	डीपीटी	255	41,16,490	16.14%	75,00,000	52,00,000	69.33%
2	डीटी	200	–	–	–	–	
3	टीटी (यूआईपी) टीटी (नान यूआईपी)	300	35,19,190	11.73%	1,01,00,000 81,060	34,00,000 71,560	33.66% 88.28%
4	यलो फीवर टीका (सीआरआई के)	0.35	93,600	267%	52,965	41,700	78.73%
5	एआरएस	2.50 (लाख)	22.407	8.96%	53,375	18,500	34.66%
6	एएसवीएस (आईवाईओ)	3.00 (लाख)	1,519	5.06%	– 6,901	– 1,421	– 20.59%
7	डीएटीएस (आईवाईओ)	0.80 (लाख)	5,154	6.42%	– 8,165	– 4,240	– 51.92%
8	एनएचएस	0.004 (लाख)	–	–	225	10	4.44%
9	डीआर	2.75 (लाख)	14,250	5.09%	27,066	12,200	45.07%

16-13-2 pkyw o"kZ dh nkSjku miyfC/k;k¡

टी.टी. टीके के छः बैच बनाए गए हैं तथा डीपीटी टीके का न्यू सीजीएमपी सुविधा केंद्र में निर्माण किया जा रहा है।

16-14 jk"Vh; tfod lLFkku ¼,uvkbch½] uk,Mk

16-14-1 iLrkouk

राष्ट्रीय जैविक संस्थान (एनआईबी), जैविक और जैव चिकित्सीय उत्पादनों जिनमें एल्बूमिन सामान्य और विशिष्ट, एम्मूनोग्लोबिन, कोएगूलेशन कारक VIII, इंसूलिन और इसके एनालोगस, इरीथ्रोपोइटीन, ग्रेनुलोसाइट कॉलोनी स्टीमुलेटिंग फैक्टर (जीसीएसएफ) स्ट्रेप्टोकिनेस, इम्मूनोडायग्नोस्टिक किटें (एचआईवी एचसीवी, एचबीएस एजी), ब्लड ग्रुपिंग रिएजेन्टस और ग्लूकोज टेस्ट स्ट्रिप सम्मिलित हैं, का विभिन्न राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय फार्माकोमिया को अपनाते हुए अपनी विभिन्न अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं और जन्तु गृह में गुणवत्ता मूल्यांकन करता है। संस्थान ने 2014–15 के दौरान विभिन्न जैविकों के 159 किस्मों के 1978 बैचों का गुणवत्ता मूल्यांकन किया है।

हाई प्रोफाइल नोबेल औषधियां जैसे थिरेप्यूटिक मोनोक्लोनल एंटीबॉडीज जिनका उपयोग हेमाटोलोजिकल, इम्मूनोलोजिकल और ओंकोलोजिकल विकारों के लिए किया जाता है, के मूल्यांकन करने के लिए एक नई प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए कदम उठाए गए हैं। इस संबंध में रिटुक्सिमैब और हरसेप्टिन का मानकीकरण और वैधीकरण किया गया है। ग्लूकोज टेस्ट स्ट्रिप्स की जांच भी पूरी कर ली गई है।

सेल कल्चर रेबीज वैक्सीन (सीसीआरवी), एमएमआर वैक्सीन, लाइव एटेन्युएटिड मीजल्स वैक्सीन, रुबेला वैक्सीन और बीसीजी वैक्सीन जैसे वायरल वैक्सीनों का मानकीकरण एवं वैधीकरण पूरा कर लिया गया है। जेई वैक्सीन, एचपीवी, पोलीसेकराइड क्वाड्रिवेलेंट, टाइफाइड वी आई पोलीसेकराइड जैसे अन्य टीकों का मानकीकरण एवं वैधीकरण प्रक्रियाधीन है।

16-14-2 lLFkku dk 12 vfrfjä tfod vkj ck;kFkjI;fVdYk mRiknk vkfn dk fy, dæh; vk"k/k i;kx'kkyk ¼lhMh,y½ dk :i ei ?kkf"kr fd;k x;k gA

निरंतर अभ्यास के रूप में संस्थान आवश्यकता पड़ने पर स्वदेशी विनिर्माताओं को इंसुलिन के राष्ट्रीय संदर्भ मानक तथा एचआईवी, एचसीवी, एचबीएसएजी के संदर्भ सीरा पैनल की आपूर्ति कर रहा है। संस्थान ने राष्ट्रीय संदर्भ प्रयोगशाला, ऑस्ट्रेलिया के साथ एचआईवी, एचबीएसएजी, एचसीवी तथा सिफिलिस के बाह्य गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम में सफलतापूर्वक हिस्सा लिया है। संस्थान, क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज (सीएमसी), वेल्लूर, भारत में ग्लूकोज परीक्षण के ईक्यूएएस में नियमित रूप से भाग ले रहा है। संस्थान द्वारा एचसीवी आरएनए जांच और कोएगुलेशन फैक्टर VIII के लिए यूरोपीय गुणवत्ता मेडिसिन निदेशालय, स्ट्रैट्सबर्ग, फ्रांस द्वारा किए गए क्षमता परीक्षण में भी सफलतापूर्वक भागदारी की गई है। जैविक संस्थानों का एनएबीएल प्रमाणन 61 तक पहुंच गया है इसके अतिरिक्त संस्थान द्वारा जैविक संस्थानों पर 27 मोनोग्राफ तैयार किए गए हैं और इसे भारतीय फर्माकोपिया, 2014 में शामिल किया गया है।

16-14-3 देश में रक्त और रक्त उत्पादों के प्रयोग के कारण होने वाली विपरीत औषधि प्रतिक्रिया (एडीआर) सूचित करने के लिए संस्थान द्वारा हीमो–विजिलेंस कार्यक्रम शुरू किया गया है। एनआईबी ने अब तक देश भर में 21 सतत आयुर्विज्ञान शिक्षा (सीएमई) का आयोजन किया गया है और 4200 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया गया है। इसके अलावा तीन हीमो–विजिलेंस समाचार पत्र प्रकाशित किए गए हैं। भारत अब अंतर्राष्ट्रीय हीमो–विजिलेंस नेटवर्क का सदस्य है।

निदेशक, एनआईबी की प्रत्यक्ष निगरानी में नकली और अवमानक गुणवत्ता की (एनएसक्यू) दवाइयों की व्याप्ति का सर्वेक्षण किया जा रहा है।

16-14-4- ctV

संस्थान को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सहायता अनुदान के रूप में निधियां उपलब्ध कराई जाती है। संस्थान का बजट अनुमान और संशोधित अनुमान निम्नवत है:

(करोड़ में)

o"k	ctV vuqeku	Lak'kkf/kr vuqeku	0;;
2014-15	31.00	31.00	30.93
2015-16	35.00	34.60	15.75*

** अक्तूबर, 2015 तक*

16-15 chlhth oSDlhu iz;ksx'kkyk] ÇxMh

16-15-1- iLrkouk

बीसीजी वैक्सीन प्रयोगशाला, गिंडी की स्थापना वर्ष 1948 में की गई थी। संस्थान की मुख्य गतिविधियां निम्नलिखित हैं:–

- वर्ष 1948 से बाल्यावस्था के क्षयरोग के नियंत्रण के लिए बीसीजी वैक्सीन (10 खुराक प्रति वायल) का उत्पादन करना और विस्तारित टीकाकरण कार्यक्रम (ईपीआई) के लिए इसकी आपूर्ति करना।
- वर्ष 1993 से कार्सिनोमा यूरिनरी ब्लाडर के कीमोथेरेपी में प्रयोग के लिए बीसीजी थेरेप्यूटिक (40 मिग्री) का उत्पादन।

16-15-2 chlhthoh,y dk dk;Z&fu"iknu ¼mRiknu] ekax vkSj vkiwfrZ½

Øe- Lk-	fooj.k	ek=k
1	संस्थापित क्षमता प्रतिवर्ष	400 लाख खुराक
2	विनिर्मित प्रमात्रा	शून्य
3	प्राप्त मांग की प्रमात्रा	9.00 लाख खुराक
4	की गई आपूर्ति की प्रमात्रा	9.00 लाख खुराक

16-15-3 egRoiw.kZ miyfC/k;k¡

- नई सुविधाएं पूरा होने के करीब है। सभी प्रमुख उपकरण और सभी जानोपयोगी सेवा ने परिचालन योग्यता स्तर को पूरा कर लिया है। परीक्षण बैचों को शीध्र आरंभ किया जाएगा।
- सीजीएमपी के अनुसार बीसीजी के टीके के नियमित उत्पादन के बाद नए सुविधा केन्द्र से बीसीजी टीके के परीक्षण बैच की मान्यता दी जायेगी।
- सीजीएमपी मानको/प्रलेखन/एसओपी पर बीसीजीवीएल स्टाफ को आंतरिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रलेखन जैसा आवश्यक और सीजीएमपी अनुपालन कार्य किया जा रहा है।

16-16 ik'pj bULVhV~;wV vkWQ bafM;k ¼ihvkbZvkbZlh½] dqUuwj

16-16-1 iLrkouk

पाश्चर इंस्टीट्यूट आफ इंडिया, कुनूर (वीआईआईसी) ने 6 अप्रैल 1907 को पाश्चर इंस्टीट्यूट ऑफ सदर्न इंडिया के रूप में कार्य करना शुरू किया और संस्थान का नामकरण पाश्चर इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, (सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अधीन सोसाइटी के रूप में पंजीकृत) के रूप में किया गया। 10 फरवरी, 1977 से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्त निकाय के रूप में कार्य करना आरंभ किया, संस्थान के मामले शासी निकाय द्वारा निपटाए जाते हैं।

16-16-2 orZeku xfrfof/k;k¡ %&

- यह संस्थान डीपीटी तथा टीशू कल्चर एंटी रेबीज (टीसीएआर) टीके का उत्पादन करता है।
- सीजीएमपी के अनुरूप डीपीसी वैक्सीन प्रयोगशाला की स्थापना प्रक्रिया में है।
- अकादमी कार्यक्रम जैसे पीएचडी सूक्ष्मजीव विज्ञान, जीव रसायन तथा जैव प्रौद्योगिकी (अंशकालिक व पूर्णकालिक) भरथिअर विश्वविद्यालय, कोयम्बटूर से संबद्ध हैं।
- प्रयोगात्मक उद्देश्य जैसे डीपीटी समूह और टीसीएआर टीके की गुणवत्ता नियंत्रण हेतु चूहों और गिनी सुअरों का प्रजनन कराया जाता है।
- संस्थान के पास सामान्य लोगों की आवश्यकता पूर्ति के लिए रेबीज़ नैदानिक प्रयोगशाला और रेबीज़ रोधी उपचार केन्द्र है।

16-16-3 MhihVh Vhdk mRiknu gsrq xzhu QhYM eSU;qQSDpfjax th,eih dsUæ dk LFkkfir djus dk lzc/k esa fØ;kdyki

- मंत्रालय ने डीपीटी समूह के टीका निर्माण हेतु पीआईआईसी में ग्रीन फील्ड जीएमपी केन्द्र बनाने

के लिए प्रस्ताव रखा है। एचएलएल लाइफ केयर लिमिटेड, तिरुअनन्तपुरम 149.16 करोड़ रूपये के अनुमानित व्यय से परियोजना को संचालित कर रहा है।

- अपेक्षित मुख्य उपकरण अनुकूल हेतु विशेषताओ का अंतिम रूप दिया गया है। उपकरणों की खरीद हेतु तकनीकी निविदा मूल्याकन चल रहा है।

उपकरण प्रतिष्ठापन, वैधीकरण और प्रक्रिया मान्यकरण के पश्चात वार्षिक आधार पर 130 मिलियन खुराक (डीपीटी–60 एमआईडी, टीटी–55 एमआईडी, डीटी–15 एमआईडी) की आपूर्ति करेगा।

16-17 lhje foKku lLFkku] dkydkrk

16-17-1 iLrkouk

सीरम विज्ञान संस्थान, कोलकाता स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय का एक अधीनस्थ कार्यालय है।

bl lLFkku d mnn'; fuEufyf[kr g%&

- विभिन्न गुणवत्तापूर्ण नैदानिक री–एजेंटों, जैसे यौन रोग अनुसंधान प्रयोगशाला (वीडीआरएल) एंटीजन, प्रजाति विशिष्ट एंटीसीरम, एंटी–एच लेक्टिन आदि का उत्पादन;
- विभिन्न फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं (एफएसएल) और क्षेत्री फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोग्शालाओं (आरएफएसएल) से इस संस्थान को भेजे गए विभिन्न जैविक एजेंटों की प्रजातियों की उत्पत्ति के निर्धारण के लिए फॉरेंसिक सीरम विज्ञान और साथ ही, यदि प्रजातियों की उत्पत्ति मानव में पाई गई हो, तो उसका रक्त समूह सीरम विज्ञान। इस चिकित्सीय वैधानिक रिपोर्ट को न्यायालय में विशेषज्ञ की राय के रूप में स्वीकार किया जाता है;
- प्रसव–पूर्व मामलों से ए, बी, ओ रक्त समूह और आरएच टाइपिंग निर्धारित करने हेतु संदर्भ केंद्र;
- वी.डी. सीरम विज्ञान अनुभाग वीडीआरएल एंटीजन के आंतरिक गुणवत्ता नियंत्रण तथा एंटीजन उत्पादन (ए.पी) अनुभाग में उत्पादित वीडीआरएल एंटीजन के मानकीकरण का कार्य करता है।
- नाको के तहत पूर्वी प्रमंडल के लिए क्षेत्रीय एसटीडी संदर्भ प्रयोगशाला के रूप में कार्य करता है।
- सीरम विज्ञान तथा यौन–संचारित रोगों (एसटीडी) के विभिन्न क्षेत्रों में प्रयोगशाला तकनीशियनों को प्रशिक्षित करना और एमडी (एफएसएम) के स्नातकोत्तर छात्रों को फॉरेंसिक सीरम विज्ञान में प्रशिक्षण देना।
- डब्ल्यूएचओ और एनपीएसपी के तहत राष्ट्रीय पोलियो प्रयोगशाला द्वारा पूर्वी एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र तथा बिहार एवं झारखंड के कुछ हिस्सों से आए एएफपी मामलों के मल नमूनों से पोलियो वायरस को पृथक करना।
- आईटीडी प्रयोगशाला द्वारा पीसीआर तकनीक का प्रयोग करते हुए पोलियो वायरस का इंट्राटाइपिक डिफरेंशिएशन।
- पूर्वी और पूर्वोत्तर राज्यों तथा बिहार एवं झारखंड के कुछ हिस्सों से आए लोगों में खसरा रोग का पता लगाने के लिए राष्ट्रीय खसरा प्रयोग्शाला।

16-17-2 miyfC/k;k

- फॉरेंसिक सीरम विज्ञान अनुभाग में प्रजातियों की उत्पत्ति और समूह निर्धारण हेतु 2838 नमूनों की जांच की गई।
- वीडी सीरम विज्ञान अनुभाग में सिफिलिस के लिए 1447 रक्त नमूनों की जांच की गई।
- एंटीबॉटी उत्पादन अनुभाग में 3180 मिली. एंटी–सीरा का उत्पादन किया गया तथा 2615 मिली. की विभिन्न राज्य एवं केंद्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं को आपूर्ति की गई।
- ीजीआरसी अनुभाग में 2600 मिली. एंटी एच लेक्टिन का उत्पादन किया गया और विभिन्न फॉरेंसिक प्रयोगशालाओं में उसकी आपूर्ति की गई।
- खसरा और रुबेला के लिए 1054 नमूने प्राप्त हुए और उनकी जांच की गई।

- वीडीआरएल एंटीजन उत्पादन इकाई में 920 मिली एंटीजन का उत्पादन किया गया और संपूर्ण भारत में विभिन्न अस्पतालों और एसटीडी क्लीनिकों को 1600 मिली एंटीजन की आपूर्ति की गई।
- एनपीवी और वीडीपीवी के लिए 8104 मल नमूनों की जांच की गई और पर्यावरणीय निगरानी हेतु 120 नमूनों की जांच की गई।
- कोलकाता के मेडिकल कॉलेजों के एसटीआई क्लीनिकों से एसटीआई के विभिन्न प्रकारों के निदान के लिए 8821 जांच की गईं।

16-18 vrjk"Vh; tul[;k foKku lLFkku] eEcb

अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान, (आईआईपीएस) मुम्बई की स्थापना सन् 1956 में की गई थी। दिनांक 19 अगस्त, 1985 को भारत सरकार द्वारा संस्थान को 'मानित विश्वविद्यालय' घोषित किया गया था।

16-18-1 f'k{k.k

वर्ष 2014–15 के दौरान संस्थान ने निम्नलिखित नियमित पाठ्यक्रम चलाएः (क) स्वास्थ्य प्रोत्साहन शिक्षा में डिप्लोमा (डीएचपीई), (ख) सामुदायिक स्वास्थ्य परिचर्या स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीसीएचसी) (ग) मास्टर ऑफ आर्ट्स/साईंस इन पापुलेशन स्टडीज (एमए/एमएससी), (घ) जैव–सांख्यिकी और जानपदिक रोग विज्ञान में एमएससी (ङ) जनसंख्या अध्ययन में स्नात्तकोतर (एमपीएस), (च) जनसंख्या अध्ययन में मास्टर ऑफ फिलॉसाफी (एमफिल), और (छ) जनसंख्या अध्ययन में डॉक्टर ऑफ फिलॉसाफी (पीएचडी)। उपर्युक्त पाठ्यक्रमों के अलावा, संस्थान दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से जनसंख्या अध्ययन में मास्टर (एम.पी.एस) तथा जनसंख्या अध्ययन में डिप्लोमा (डीपीएस) भी संचालित करता है।

वर्ष 2014–15 के दौरान 24 विद्यार्थियों को स्वास्थ्य प्रोत्साहन शिक्षा में डिप्लोमा प्रदान किए जाने के लिए योग्य घोषित किया गया, 3 विद्यार्थियों को सामुदायिक स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के लिए योग पाया गया, जनसंख्या विज्ञान में कला/विज्ञान निष्णात में 32 विद्यार्थियों को योग्य पाया गया, 7 विद्यार्थियों को जैव सांख्यिकी और जानपदीक रोग विज्ञान में विज्ञान निष्णात के लिए योग पाया गया, जनसंख्या अध्ययन में मास्टर की डिग्री के लिए 38 विद्यार्थियों को योग्य माना गया, जनसंख्या अध्ययन में मास्टर ऑफ फिलासॉफी डिग्री के लिए 35 विद्यार्थियों को योग्य घोषित किया गया, 11 विद्यार्थी जनसंख्या अध्ययन में डाक्टर ऑफ फिलासफी प्रदान करने हेतु योग्य पाए गए, जनसंख्या अध्ययन में मास्टर की डिग्री (दूरस्थ शिक्षा) के लिए 17 विद्यार्थी योग्य घोषित किए गए और जनसंख्या अध्ययन में डिप्लोमा (दूरस्थ शिक्षा) की डिग्री के लिए 6 विद्यार्थी योग्य घोषित किए गए।

16-18-2 vul/kku vkj idk'ku

संस्थान ने अपने स्वयं के संसाधनों का प्रयोग करते हुए और बाहरी वित्त–पोषण से भी अनुसंधान कार्यक्रम आयोजित किए। बाहरी वित्त–पोषित परियोजनाएं मुख्यतः संबंधित एजेंसियों के अनुरोध पर शुरू की जाती है। संस्थान पर पूरी हो चुकी और चल रही परियोजनाएं निम्नानुसार हैं–

d- lLFkku }kjk foŸk ikf"kr vul/kku ifj;ktuk,

- भारत में जनसंख्या परिदृश्यः दीर्घावधि परिप्रेक्ष्य
- भारत में कालाजार की व्याप्ति, कारण और परिणामः पूर्वी बिहार का एक अध्ययन
- महाराष्ट्र के अमरावती जिले में मृत्यु के कारणों का अनुमान लगाने के लिए वर्बल ओटॉप्सी का प्रयोग;
- औपनिवेशिक अवधि में मुंबई प्रेजिडेंसी हेतु जन्म–मृत्यु दरों का अनुमान
- भारत की घरेलू सुविधाओं तथा परिसंपत्तियों में परिवर्तनः जनगणना आधारित अध्ययन।
- भारत में बडे स्तर पर सर्वेक्षण में प्रयुक्त आंकड़ों के संग्रह के दो भिन्न तरीकों का तुलनात्मक अध्ययन – प्रश्नावली/पेपर–पेन और तकनीक आधारित सीएपीआई;
- महाराष्ट्र के अमरावती और नासिक प्रभागों में विस्तृत आहार सर्वेक्षण को पूरा करने की अनुवर्ती कार्रवाई करना

- भारत में जनसंख्या और विकास की एतिहासिक प्रवृत्तियां और पैटर्न; जिला स्तर विश्लेषण।

[k- ckgjh ,tfl;k }kjk foŸk ikf"kr vu|l/kku ifj;ktuk,|

- भारत में देशांतरीय वृद्धावस्था अध्ययन (एलएएसआई) मुख्य धारा (2014–19)
- वैश्विक वृद्धावस्था और वयस्क स्वास्थ्य अध्ययन (सेज) –भारत, वेव–2, 2014–16
- परिवार स्वास्थ्य और संपत्ति अध्ययन (एफएचडब्ल्यूएस)
- नीति–निर्माण में अनुसंधान साक्ष्य का प्रयोग करने के लिए क्षमता में वृद्धि
- राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण–4
- भारत में अवांछित गर्भधारण और प्रेरित गर्भपात मामले (यूपीएआई)
- जनसंख्या परिवेश और बंदोबस्त (ईएनवीआईएस)
- गुजरात में व्यापक पोषण सर्वेक्षण
- महिलाओं के काम की गिनती

भारतीय जनसंख्या अध्ययन संघ (आईएएसपी) की व्यावसायीक पत्रिका का प्रबंधन आईआईपीएस द्वारा किया जाता है। इस दीर्घकालीक पत्रिका में जनांकिकी स्वास्थ्य और विशेष रूप से भारतीय जनांकिकी पर ध्यान केंद्रित करते हुए विशेषज्ञों द्वारा समीक्षित लेख और पुस्तक समीक्षाएं प्रकाशित की जाती हैं।

16-18-3 iqLrdky;

अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान के पुस्तकालय में लगभग 83,156 पुस्तकें, 15,959 सजिल्द आवधिक पत्रिकाएं, 16,767 पुनर्मुद्रित पुस्तकें और 600 श्रव्य–दृश्य सामग्री हैं और 300 से अधिक पत्रिकाओं में लेख प्रकाशित किए जाते हैं।

इस पुस्तकालय में आजादी से पूर्व की अवधि से लेकर (1872 से 1941 तक भारत की जनगणना पीडीएफ फॉर्मेट में) वर्ष 2011 की नवीनतम जनगणना तक सभी जनगणना पुस्तिकाओं का विशेष संग्रह उपलब्ध है। पुस्तकालय द्वारा स्वास्थ्य और जनसंख्या विज्ञान से संबंधित ऑन–लाइन संग्रह के संबंध में जेएसटीओआर, साइंस डाइरेक्ट (सामाजिक विज्ञान संग्रह), एससीओपीयूएस, इंडिया स्टैट और अन्य प्रमुख प्रकाशकों जैसे अनेक ऑन–लाइन डाटा–वेस पर सामग्री उपलब्ध कराई जाती है।

आईआईपीएस पुस्तकालय में आईएनएफएलआईबीएनईटी (यूजीसी), डीईएलएनईटी सहित संस्थागत सदस्य होते हैं और संस्थान के लाभ के लिए अधिकतम सेवाओं का अन्वेषण किया जाता है।

16-18-4 ieq[k ?kVuk

30–31 अक्तूबर, 2014 के दौरान 'उत्तरी और दक्षिणी देशों में साहाय्य प्रदत्त प्रजनन प्रौद्योगिकीः मुद्दे, चुनौतियां एवं भावी दृष्टिकोण' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

16-19 egkRek xka/kh vk;qfoZKku laLFkku lsok xzke ¼,e th vkb,e ,l½] egkjk"Vª

महात्मा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एमजीआईएमएस) अपने कस्तूरबा अस्पताल के साथ सार्वजनिक निजी साझेदारी का संभवतः बेहतरीन उदाहरण है जब निजी पार्टी सेवा के लिए समर्पित गैर–लाभार्जन संगठन है। एमजीआईएमएस भारत सरकार, महाराष्ट्र सरकार तथा कस्तूरबा स्वास्थ्य सोसाइटी की संयुक्त सहयोगी परियोजना है। इन तीनों का भाग क्रमशः 50:25:25 के अनुपात में है। अब यह संस्थान सभी आधुनिक सुविधाओं और अत्याधुनिक आईसीयू सहित सुसज्जित विभागों के साथ 972 बिस्तर वाले अस्पताल में विकसित हो गया है। संस्थान 100 पूर्व स्नातक छात्रों तथा 70 स्नातकोत्तर छात्रों को प्रवेश देता है।

16-19-1 jksxh ifjp;kZ

- दिनांक 16 दिसंबर, 2014 को कस्तूरबा अस्पताल ने रोगियों को सुविधा प्रदान करने हेतु कार्डियक कैथीटेराइजेशन प्रयोगशाला का निर्माण किया है। 5000 वर्गफुट कार्डिओलॉजी ब्लॉक बनाया गया है जिसकी छत पर कैथ लैब लगी हुई है। इसके अलावा, पेंडेंट, केन्द्रीय ऑक्सीजन, केन्द्रीय सक्शन, केन्द्रीय कार्डियक निगरानी प्रणाली, पेसमेकर, डिफिब्रील्लेटर

से सुसज्जित 10 बिस्तर वाला आईसीसीयू है तथा कैथ लैब में एचआईएस द्वारा निगरानी की जाने वाली रेडियोलॉजी इमेजिस को प्रदर्शित करने वाली प्रणाली भी जोड़ी गई है।

- बाल चिकित्सा विभाग आईएपी प्रत्यामित सीपीआर प्रशिक्षण केन्द्र बन गया हैः बाल चिकित्सा विभाग महाराष्ट्र मे भारतीय बाल चिकित्सा अकादमी द्वारा प्रत्यायित कार्डिओप्लमोनरी रिसुस्क्टेशन (सीपीआर) प्रशिक्षण केन्द्र शुरू करने वाला दूसरा केन्द्र बन गया है। यह केन्द्र तथा स्वास्थ्य परिचर्या व्यावसायियों और जनता को रिसुस्क्टेशन कौशल प्राप्त करने में मदद करेगा।
- लिनीयर एक्सेलेटर यूनिट रेडियोथेरेपी विभाग में आरंभ की गई है।
- एक नया ऑपरेशन थिएटर (ओटी) बनाया गया है जिसमें दस अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर, गहन परिचर्या यूनिट और प्रत्येक में 10 बिस्तर वाली ऑपरेशन पूर्व मूल्यांकन यूनिट, दो रिकवरी कक्ष और एक मेडिकल स्टोर बनाए गए हैं।
- नेत्र रोग विज्ञान विभाग, कस्तूरबा अस्पताल, एमजीआईएमएस, सेवाग्राम निवारणात्मक, उपचारात्मक तथा पुनर्वास नेत्र परिचर्या प्रदान कर रहा है। यह विभाग प्रतिदिन नेत्र जांच शिविर आयोजित कर रहा है तथा 50 वर्ष से अधिक आयु वाली जनसंख्या को कवर करते हुए वर्धा जिले के 8 ब्लॉकों के सभी गांवों में घर–घर जाकर नेत्र जांच भी करता है। घर–घर में दृष्टिहीनता और ऑपरेशन योग्य मोतियाबिंद हेतु जांच की गई। गांव स्तर पर दृष्टिहीन रजिस्टर तैयार किया गया है। इस वर्ष 855 गांवों में घर पर डॉक्टरों द्वारा 52,432 ग्रामीणों की जांच की गई। 50 वर्ष के आयु वाले व्यक्तियों, जिनकी आंख में मोतियाबिंद के कारण दृष्टि तीक्ष्णता 6/60 है और जिन्हें मोतियाबिंद ऑपरेशन कराना आवश्यक है, को ऑपरेशन हेतु प्रेरित किया तथा निःशुल्क आने–जाने के लिए परिवहन सुविधा देकर कस्तूरबा अस्पताल सेवाग्राम लाया गया। सर्जीकल उपचार, दवाइयां, इन्ट्रा ओक्यूलर लैंस तथा चश्में सहित सभी सेवाएं निःशुल्क प्रदान की गईं। सभी जांच किए रोगियों और ऑपरेशन के अनुवर्ती के बाद डाटा रिकार्ड रखने के लिए कम्प्यूटरीकृत डाटा बैंक रखा जाता है।
- डॉ. सुशीला नय्यर आई बैंक नेत्र रोग विज्ञान कस्तूरबा अस्पताल में प्रचालित है जो नेत्र दान गतिविधियों का प्रचार–प्रसार करता है कार्निया दृष्टिहिनता से पीड़ित रोगियों के लिए तथा कार्निया प्रत्यारोपण हेतु सुविधाएं प्रदान करता है। वर्ष के दौरान, 40 आंखों को नेत्र बैंक में प्रोसेस्ड किया गया। इनमें से 22 नेत्रों को वर्धा जिले में दाताओं से एकत्र किया गया था और 18 नेत्रों को सरकारी अस्पताल चंद्रपुर एवं लायंस नेत्र बैंक चंद्रपुर से लाया गया था। दान किए गए 40 नेत्रों में से, प्रत्यारोपण के लिए 17 नेत्रों में कोर्निया को उपयुक्त पाया गया तथा 17 रोगियों को निशुल्क केराटोप्लास्टी (कोर्नियल प्रत्यारोपण) की सुविधा प्रदान की गई। दो स्वैच्छिक संगठनों के सदस्यों को नेत्र दान के लिए संक्षिप्त परामर्श तथा प्रेरणा देने के लिए प्रशिक्षित किया गया है।
- 100 fcLrjk okyk ekMy ekr` vkj f'k'k LokLF; ¼,e lh,p½ fox] जो 20 करोड़ रूपए के बजटीय प्रावधान के साथ स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित विस्तृत प्रजनन, मातृ, नवजात और शिशु तथा किशोर स्वास्थ्य (आरएमएनसीएच+ए) के लिए प्रस्तावित किया गया था, निर्माण के अंतिम चरण में है। इस केन्द्र का उद्देश्य आरएमएनसीएच+ए के संपूर्ण परिप्रेक्ष्य को शामिल करते हुए गुणवत्तायुक्त मातृ और शिशु स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। एमसीएच विंग में बाहय रोग विभाग 10 बिस्तरों वाली प्रसव इकाई, प्रसूति गहन चिकित्सा इकाई,

प्रसवपूर्व और प्रसव पश्चात वार्ड, ऑपरेशन थिएटर, बाल चिकित्सा वार्ड, नवजात आईसीयू (स्तर 1,2, और 3) बाल चिकित्सा आईसीयू, आउटबोर्न नर्सरी और कौशल प्रयोगशाला होगा। अक्टूबर, 2015 तक प्रसूति और स्त्री रोग तथा बाल चिकित्सा विभागों के नए भवन में स्थापित होने की संभावना है।

- Ckk>iu i;kx'kkyk

➢ दस युगलों में एक युगल के मामले में वर्षों प्रत्यन करने के बाद भी गर्भधारण नहीं होता जिसके पश्चात चिकित्सक आमतौर पर बांझपन निर्धारण की जांच की सिफारिश करते हैं। बांझपन का उपचार महंगा होता है और छोटे कस्बों में उपलब्ध नहीं होते। बांझपन उपचार को प्रत्येक चक्र में अत्यधिक लागत की आवश्यकता होती है और अधिकांश रोगियों को जांच और उपचार के लिए अपनी जेब से खर्च करना पड़ता है।

➢ अस्पताल के स्त्री रोग ओपीडी में स्थित बांझपन प्रयोगशाला का शुभारंभ जनवरी, 2015 में किया गया था। प्रयोगशाला में (क) शुक्राणु गणना और गतिशीलता की जांच करने के लिए शुक्राणु विश्लेषण; (ख) प्रजनन संबंधी 4 प्रमुख हारमोनः प्रोलेक्टिन, एलएच (ल्यूटीनाइजिंग हारमोन), एफएसएच (फालीकल स्टीम्यूलेटिंग हारमोन) और टीएसएच (थायराइड स्टीम्यूलेटिंग हारमोन); (ग) अल्ट्रासाउंड (फालिकलों को स्कैन करने के लिए) और (घ) यह सुनिश्चित करने के लिए कि गर्भाशय और नलियां सामान्य हैं अथवा नही के लिए हिस्टेरोसैल्पिगोंग्राम की सुलभता है। इन बुनियादी परीक्षणों से स्त्री रोग विशेषज्ञों को जांच करने में सुविधा मिलती है। शुक्राणुओं की कम गणना अथवा शुक्राणु की गतिशीलता में कमी के कारण बांझपन का उपचार अब सेवाग्राम में अंतर्गर्भाशयी गर्भाधान (इंट्रायूटरिन इनसेमिनेशन) आईयूआई एक जनन क्षमता उपचार जिसमें गर्भाधान को सुविधाजनक बनाने के लिए गर्भाशय में शुक्राणु को रखना होता है, के द्वारा किया जाता है।

- एमजीआईएमएस में डेंटल सर्जरी विभाग में दांतों के उपचार कराने वाले रोगी वहनीय मूल्य पर अत्याधुनिक सिरामिक क्राउन, ब्रिज के साथ–साथ जिरक्रोनिक क्राउन प्रत्यारोपण करवा सकते हैं। विभाग में आंशिक रूप से बिना दांतों वाले रोगियों के लिए पूरे मुंह का पुनः उपचार और चेहरे और जबड़ों में विसंगति को सुधारने के लिए फेस मास्क की भी सुविधा है।

- बहु–स्पेशिलिटी ओपीडी को चिकित्सा, सर्जिकल, हड्डी रोग, नेत्र रोग, कान नाक गला और स्त्री रोग की समस्याओं के रोगियों को स्वास्थ्य देखभाल की सुलभता प्रदान करने के लिए गांधी मेमोरियल लेप्रोसी फाउंडेशन के परिसर में आरंभ किया गया। केन्द्र में ऑटोएनालाईजर पर सभी जैव रसायन परीक्षण भी किए जाते हैं।

- एमजीआईएमएस ने स्नातक पूर्व और स्नातकोत्तर छात्रों के कक्षा, क्लीनिकल और सामुदायिक आधारित प्रशिक्षण को पूरा करने के लिए ई–लर्निंग प्लेटफार्म आरंभ किया है। इस पहल के संभावित उपयोग सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में, छात्रों के व्यक्तिगत तथा व्यावसायिक विकास, ग्रामीण क्षेत्रों में उनकी तैनाती के दौरान, चिकित्सकों की व्यावसायिक शिक्षा में विकासोन्मुख पाठ्यक्रमों, जन स्वास्थ्य प्रणाली में स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं के विभिन्न संवर्गों की तैनाती में प्रशिक्षण के लिए विकासोन्मुख पाठ्यक्रम को विकसित कर लिया है तथा संकाय सदस्यों के प्रथम बैच का प्रशिक्षण पूरा किया गया। एमजीआईएमएस में सभी संकाय सदस्यों को 6 माह की अवधि में प्रशिक्षित करने की योजना थी।

- मासिक पत्रिका 'करियर्स 360' जो भारत के सबसे बड़ी उच्च शिक्षा और करियर परामर्श पोर्टल है तथा विश्व भर के लोकप्रिय अध्ययन स्थानों का विहंगम दृष्टि प्रदान करता है, ने छात्रों की गुणवत्ता, आउटपुट, प्रभाव और शिक्षण के आधार पर भारत के उत्तम मेडिकल कॉलेजों की सूची में महात्मा गांधी चिकित्सा विज्ञान संस्थान को 10वें स्थान पर रखा गया है।

16-19-2 vuqla/kku vkj if'k{k.k

- प्रयोगशाला सेवाओं के गुणवत्ता कार्य में सुधार के लिए रोग केन्द्र, महाराष्ट्र सरकार और भारत सरकार ने 'लैब्स फॉर लाइफ' नामक गैर–वित्तपोषित समर्थन परियोजना एमजीआईएमएस को स्वीकृत की गई।

- माइक्रोबॉयोलॉजी, सामुदायिक चिकित्सा, चिकित्सा और बाल रोग विभाग के लिए भी आईसीएमआर

कार्यबल अध्ययन, 'सरविलेंस ऑफ सेलेक्ट जूनेटिक डिसिस इन सेंट्रल इंडिया' भी स्वीकृत की गई थी।

- प्रसूति और स्त्री रोग विभाग ने 'एपीडेमिओलॉजिकल डिटरमिनेट्स ऑफ हाइपरटेंसिव डिसआर्डर ऑफ प्रेगनेंसी इन ए कोहर्ट ऑफ रूरल विमेन इन सेंट्रल इंडिया' शीर्षक से आईसीएमआर प्रायोजित परियोजना स्वीकृत किया है।
- डा. सुशील नायर जन स्वास्थ्य स्कूल को समुदाय आधारित मातृ नवजात और शिशु स्वास्थ्य के लिए उन्नत अनुसंधान केन्द्र के लिए स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग (आईसीएमआर) द्वारा 4.31 करोड़ रूपए का वित्तपोषण स्वीकृत किया गया है।

16-19-3 lii"k.k

स्व–सहायता समूह ने केवल महिला सशक्तिकरण किंतु समुदाय के समग्र विकास के लिए भी अत्यंत प्रभावी उपकरण है। वर्तमान में समुदायिक स्वास्थ्य विभाग ने अपने फील्ड अभ्यास क्षेत्र के सभी गांवों में प्रति गांव 3–4 एसएचजी का गठन कर लिया है। विभाग एसएचजी को उनके प्राथमिक वित्तीय कार्य (वित्त प्लस) में स्वास्थ्य कार्य से संबंधित एजेंडा को शामिल करने के लिए सहायता प्रदान करता है जिससे महिलाएं स्वास्थ्य प्राथमिकताओं का निर्धारण कर सकें और अपने गांवों में स्वास्थ्य देखभाल प्रदानगी में सक्रिय भूमिका निभा सके। 31 मार्च, 2015 को संस्थान द्वारा अपनाए गए गांवों में कुल 276 स्व–सहायता समूह कार्य कर रहे हैं। किसान विकास मंच (कृषक क्लब) का उपयोग भी पुरूषों को गांव के स्तर पर स्वास्थ्य गतिविधियों में शामिल करने के लिए किया जा रहा है। 31 मार्च, 2015 को संस्थान के अपनाए गए गांवों में कुल 12 किसान विकास मंच कार्य कर रहे हैं।

समुदाय चिकित्सा विभाग ने विभिन्न गांवों में स्कूल नहीं जाने वाली किशोरियों के समूह बनाने के लिए पहल की है और किशोरी पंचायतों का गठन कर रहे हैं। इन समूहों के माध्यम से इन सभी गांवों में किशोर से किशोर को शिक्षा कार्यक्रम लिया गया है। इन समूहों को किशोर स्वास्थ्य, बाल उत्तरजीविता, पर्यावरण संबंधी स्वास्थ्य, पारिवारिक जीवन से संबंधित शिक्षा, आरटीआई/एसटीडी, एचआईवी/एड्स आदि मामलों की ओर उन्मुख किया गया है। इसके बदले में ये किशोरियां अपने गांवों में अपने साथियों और युवा किशोरियों को प्रशिक्षित करेंगी।

16-19-4 xkeh.k LFkkiu ;ktuk

गांवों में सामना की जा रही स्वास्थ्य समस्याओं तथा गांवों की विशेष आवश्यकताओं से छात्रों को पूरी तरह से अवगत कराने हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में स्नातक छात्रों के स्थानन के लिए वर्ष 1992 में एक कार्य कार्यक्रम बनाने वाला एमजीआईएमएस पहला संस्थान था। इस कार्यक्रम के तहत, यदि स्नातक एमजीआईएमएस में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम करना चाहते हैं तो उन्हें आवश्यक रूप से दो वर्ष की अवधि के लिए गांवों में सेवा करनी होगी। यह स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त करने की पात्रता मापदंड है। तथापि ग्रामीण क्षेत्र में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए पात्र हो जाते हैं, बशर्ते वे स्नातकोत्तर पूर्ण होने के बाद शेष अवधि की सेवा को पूरा करने का अनुबंध करना होगा।

ग्रामीण स्थानन योजना इतनी लोकप्रिय हो गयी है कि लगभग सभी छात्र इसका चयन कर रहे हैं और अब तक 19 बैच ने अपने ग्रामीण सेवा के 2 वर्ष पूरा कर चुके हैं तथा विभिन्न विशेषज्ञताओं में स्नातकोत्तर अध्ययन ले लिया है।

16-20 dsaæh; LokLF; vklpuk C;jks ¼lhch,pvkbZ½

16-20-1 iLrkouk

केंद्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो, जिसकी स्थापना 1961 में की गई थी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के अधीनस्थ स्वास्थ्य आसूचना विंग है, जिसका उद्देश्य ^^lii.kZ ns'k esa ,d l–< LokLF; çca/ku lpuk ç.kkyh^^ विकसित करना है। सीबीएचआई के तीन प्रभाग हैं अर्थात (I) नीति, प्रशिक्षण एवं समन्वयन, (II) सूचना एवं मूल्यांकन; तथा (III) प्रशासन। इसमें बेंगलुरू, भोपाल, भुवनेश्वर, जयपुर, लखनऊ और पटना में छह स्वास्थ्य सूचना क्षेत्र सर्वेक्षण इकाइयां (एफएसयू) और मोहाली, पंजाब में सीबीएचआई का क्षेत्रीय स्वास्थ्य सांख्यिकी प्रशिक्षण केन्द्र (आरएचएसटीसी) भी शामिल हैं।

lhch,pvkbZ dk fuEufyf[kr mís'; gS &

- साक्ष्य के आधार पर नीति निर्धारण करने, योजना तैयार करने तथा अनुसंधान क्रियाकलाप संचालित करने हेतु देश में स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित आंकड़ों का संग्रह, विश्लेषण एवं प्रचार–प्रसार करना।
- स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के लिए अभिनव कार्य–व्यवहार की पहचान करके उसका प्रचार–प्रसार करना।
- भारत में सरकारी एवं निजी दोनों चिकित्सा संस्थानों में चिकित्सा अभिलेखों के वैज्ञानिक ढंग से रखरखाव के लिए मानव संसाधन विकसित करना।
- भारत में स्वास्थ्य सूचना प्रणाली के प्रभावकारी कार्यान्वयन हेतु आवश्यकता आधारित प्रचालनात्मक अनुसंधान संचालित करना और फैमिली ऑफ इंटरनेशनल क्लासिफिकेशन का उपयोग करना।
- भारत में फेमिली ऑफ इंटरनेशनल क्लासिफिकेशन के कार्यान्वयन हेतु स्वास्थ्य क्षेत्र में मास्टर प्रशिक्षकों को सुग्राही बनाना और उनका एक पूल सृजित करना।
- जानकारी उपलब्ध कराने तथा कौशल का विकास करने हेतु राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के साथ सहयोग करना।
- स्वास्थ्य संबंधी सहस्राब्दि विकास लक्ष्यों के लिए संकेतकों का संग्रह एवं उनका प्रचार–प्रसार करना।
- भारत तथा दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र (एसईएआर) के देशों में डब्ल्यूएचओ एफआईसी के लिए सहयोग केंद्र के रूप में कार्य करना।

16-20-2 vkdMk laxg

- सीबीएचआई अपने वार्षिक प्रकाशन ''राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रोफाइल'' जिसमें 6 प्रमुख संकेतकों, अर्थात जनसांख्यिकीय, सामाजिक–आर्थिक, स्वास्थ्य स्तर, स्वास्थ्य वित्त, स्वास्थ्य अवसंरचना एवं मानव संसाधन के तहत अधिकांश स्वास्थ्य सूचना का प्रमुखता से उल्लेख किया जाता है, के माध्यम से विभिन्न संचारी एवं गैर–संचारी रोगों, स्वास्थ्य क्षेत्र में मानव संसाधन एवं स्वास्थ्य अवसंरचना के संबंध में स्वास्थ्य सांख्यिकी के रख–रखाव एवं प्रचार–प्रसार के लिए विभिन्न सरकारी संगठनों/विभागों से प्राथमिक एवं द्वितीयक स्तर के आंकड़ों का संग्रह करता है।
- सीबीएचआई, स्वास्थ्य क्षेत्र नीतिगत सुधार विकल्प डाटाबेस (एचएस–पीआरओडी) [www-hsprodindia-nic-in], के लिए सुधार के प्रयास के संबंध में सूचना एकत्र करता है। यह वेब समर्थित डाटाबेस है जो दस्तावेजीकरण करता है और स्वास्थ्य सेवा प्रबंधन में उत्तम कार्य व्यवहार, खोजों संबंधी सूचना की भागीदारी के लिए मंच तैयार करता है तथा इसकी कमियों को भी उजागर करता है जो राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की सफलता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।
- क्षमता निर्माण तथा मानव संसाधनों के विकास हेतु स्वास्थ्य क्षेत्र में सीबीएचआई विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से निजी स्वास्थ्य संस्थानों के साथ–साथ विभिन्न चिकित्सा रिकार्ड विभाग तथा केंद्रीय/राज्य सरकारों के स्वास्थ्य विभागों में ईएसआई, रक्षा तथा रेलवे में अधिकारियों तथा कार्यरत स्टाफ हेतु तैनाती के दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए। निम्नलिखित सेवा–कालीन प्रशिक्षण चलाए जा रहे हैं

Ø-l	çf'k{k.k dk uke	cSp	vof/k	çf'k{k.k dsUæ
1	चिकित्सा रिकार्ड अधिकारी	2 (प्रत्येक प्रशिक्षण केंद्र पर)	1 वर्ष	1. सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली में चिकित्सा रिकार्ड विभाग एवं प्रशिक्षण केन्द्र 2. जिपमेर, पुदुच्चेरी
2	चिकित्सा रिकार्ड तकनीशियन	4(प्रत्येक प्रशिक्षण केंद्र पर)	6 माह	1. सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली में चिकित्सा रिकार्ड विभाग एवं प्रशिक्षण केन्द्र 2. जिपमेर, पुदुच्चेरी

- सीबीएचआई द्वारा राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों तथा संस्थानों को इन्टर्नशिप तथा स्वास्थ्य प्रबंधन कार्यक्रम प्रदान किया जाता है।
- सीबीएचआई अपने वार्षिक प्रकाशन राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रोफाइल में सभी एमडीजी की एक संक्षिप्त सूची

और स्वास्थ्य संबंधी एमडीजी अर्थात लक्ष्य–4 (बाल मृत्यु को कम करना) तथा लक्ष्य–5 (मातृ स्वास्थ्य में सुधार) और लक्ष्य–6 (एचआईवी/एड्स मलेरिया एवं अन्य रोगों की रोकथाम) की व्यापक सूची प्रकाशित करता है।

- भारत में अंतर्राष्ट्रीय वर्गीकरण (आईसीडी–10 तथा आईसीएफ) के परिवार के संबंध में डब्ल्यूएचओ सहयोगी केंद्र के रूप में इसके मुख्य कार्य निम्नलिखित हैं:

  - ➢ रोगों और संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं का अंतर्राष्ट्रीय सांख्यिकी वर्गीकरण (आईसीडी), कार्यकरण, निःशक्तता और स्वास्थ्य का अंतर्राष्ट्रीय वर्गीकरण (आईसीएफ) और अन्य व्युत्पन्न और संबंधित वर्गीकरणों सहित डब्ल्यूएचओ फैमिली आफ इंटरनेशनल क्लासिफिकेशन (डब्ल्यूएचओ–एफआईसी) के विकास और उपायों को बढ़ावा देना और बहु–पक्षों के समान भाषा के रूप में अनुभव के प्रकाश में उनके कार्यान्वयन और सुधार में सहयोग करना।

    - ✓ निम्नलिखित द्वारा देशों के भीतर और दो देशों के बीच तुलना करने के लिए निरंतरता एवं विश्वसनीयता के आधार पर स्वास्थ्य स्तर, उपाय एवं परिणाम की माप को सुविधाजनक बनाने के लिए डब्ल्यूएचओ–एफआईसी के उपयोग हेतु पद्धतियां तैयार करने में योगदान करना:

    - ✓ डब्ल्यूएचओ–एफआईसी के सदस्य घटकों के विकास, परीक्षण, कार्यान्यवन, उपयोग, सुधार, अद्यतन करना और संशोधन में डब्ल्यूएचओ को सहयोग प्रदान करने हेतु गठित विभिन्न समितियों एवं कार्य समूहों के कार्य में सहयोग प्रदान करना।

    - ✓ उपयोग, प्रशिक्षण एवं आंकड़ा संग्रह के मानकों तथा अनुप्रयोग नियमों के संबंध में डब्ल्यूएचओ–एफआईसी वर्गीकरणों की गुणवत्ता आश्वासन प्रक्रियाओं में भागीदारी करना।

  - ➢ निम्न के द्वारा डब्ल्यूएचओ–एफआईसी के वर्तमान और संभावित प्रयोक्ताओं के साथ संपर्क स्थापित करना और संदर्भ केंद्र के रूप में कार्य करना।

    - ✓ डब्ल्यूएचओ–एफआईसी के सदस्य घटकों और अन्य संबंधित सामग्री तैयार करने में डब्ल्यूएचओ मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों की सहायता करना।

    - ✓ डब्ल्यूएचओ–एफआईसी के सदस्य घटकों के अद्यतनीकरण और संशोधन में सक्रियता में सहयोग करना।

    - ✓ डब्ल्यूएचओ–एफआईसी तथा भारत व एसईएआरओ क्षेत्र में व्युत्पन्न आंकड़ों के मौजूदा व संभावित प्रयोक्ताओं को सहयोग देना। एफआईसी के कार्यान्वयन की स्थिति जानने के लिए एशिया प्रशांत क्षेत्र के अन्य देशों के साथ लिंकेज स्थापित किया जाएगा।

  - ➢ डब्ल्यूएचओ–एफआईसी के कम से कम एक संबंधित और / या उससे निर्गत क्षेत्र में कार्य: विशेषज्ञता आधारित अनुकूलन, प्राथमिक परिचर्या अनुकूलन, उपाय / प्रक्रियाएं, आघात वर्गीकरण (आईसीईईसीआई)।

16-21 dæh; LokLF; f'k{kk C;jk ¼lh,pbch½

केंद्रीय स्वास्थ्य शिक्षा ब्यूरो स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वास्थ्य शिक्षा हेतु अग्रणी संस्थान है, इसकी स्थापना वर्ष 1956 में हुई थी। सीएचईबी की धारणा है, स्वास्थ्य परिचर्या प्रदानगी प्रणाली के अनिवार्य अंग के रूप में स्वास्थ्य सेवा को संस्थागत बनाना। सीएचईबी का मत है देश में स्वास्थ्य शिक्षा संवर्धन हेतु योजना तथा कार्यक्रम तैयार करना; स्वास्थ्य शिक्षा क्षेत्र में व्यवहार्य अनुसंधान आयोजित करना; स्वास्थ्य व्यावसायिकों तथा विद्यालय अध्यापकों को प्रशिक्षण प्रदान करना; तथा स्वास्थ्य जागरुकता निर्माण हेतु विभिन्न प्रकार के मुद्रित, इलेक्ट्रोनिक तथा संचार मीडिया सामग्री का उत्पादन करना।

16-21-1 ie[k dk;dyki

Ikn'kuh vk;ktu@ifrHkkfxrk

- संसद सौध में दिनांक 30 नवंबर से 4 दिसंबर, 2015 तक सांसदों के लिए “स्वास्थ्य जागरुकता सप्ताह” नामक प्रदर्शनी लगाई गई।

- 14 से 27 नवम्बर, 2015 तक भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला–2015 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य पवेलियन में आम लोगों के लिए स्वास्थ्य जीवन शैली और संबद्ध स्वास्थ्य मामलों पर जागरूकता कार्यक्रम।
- दिनांक 24 अप्रैल, 2015 को आर्मी बेस अस्पताल में "स्वस्थ जीवन शैली" पर प्रदर्शनी लगाई गई।
- डब्ल्यूएचओ, एनसीडीसी और एफएसएसएआई के साथ होटल ताज पैलेस, नई दिल्ली में "खेत से थाली तक–भोजन सुरक्षित बनाएं" विषय पर दिनांक 1 अप्रैल, 2015 को 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' पर प्रदर्शनी आयोजित की तथा उसमें भाग लिया।
- अंग एवं उत्तक प्रत्यारोपण पर लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज के संकाय, छात्रों तथा सरकारी व निजी विद्यालयों से आए 600 छात्रों के बीच जागरूकता लाई गई जो 29 जुलाई, 2015 को एलएचएमसी के "शताब्दी समारोह" का भाग थे।
- सांसदों के बीच स्वास्थ्य सूचना के प्रचार–प्रसार हेतु स्वस्थ जीवन शैली पुस्तिका का मुद्रण किया गया।
- भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2015 में समान्य जनता के बीच प्रचार हेतु 'स्वस्थ जीवन शैली' नामक पुस्तिका का मुद्रण किया गया।
- भारत के विभिन्न मेडिकल/नर्सिंग कॉलेज/एएनएम प्रशिक्षण केन्द्रों और ग्रामीण स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण केन्द्रों से भाग लेने वाले 528 छात्रों के लिए 17 अभिमुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। इनमें उन्हें स्वास्थ्य शिक्षा तथा स्वास्थ्य संवर्धन पर जागरूक किया गया। उन्हें विभिन्न स्वास्थ्य शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता निर्माण हेतु सीएचईबी द्वारा किए गए परिचालन, उपलब्धियों तथा प्रयासों के विषय में भी बताया गया।
- सीएचईबी ने डीजीएचएस, एनसीडीसी, मौलाना आजाद मैडिकल कॉलेज के विशेषज्ञों के साथ फलोरोसिस तथा अर्सेनिक विषाक्ता का निवारण व नियंत्रण के लिए आईईसी संदेश तैयार किए तथा उन्हें अंतिम रुप दिया।

16-22 {k=h; dk;kZy;] LokLF; ,oa ifjokj dY;k.k] ubZ fnYyh

- क्षेत्रीय कार्यालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की स्थापना वर्ष 1978 में केंद्र प्रायोजित स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यक्रमों से संबंधित मामलों के पर्यवेक्षण, निगरानी और समन्वयन के लिए क्षेत्रीय समन्वय कार्यालयों (आरसीओ) तथा क्षेत्रीय स्वास्थ्य कार्यालयों (आरएचओ) के विलयन के माध्यम से हुई थी। वर्तमान में विभिन्न राज्य राजधानियों में स्थित स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक की अध्यक्षता में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के अधीन 19 क्षेत्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यालय कार्यरत है। आरओएच एंड एफडब्ल्यू की अनिवार्य इकाइयां हैं (i) मलेरिया ऑपरेशन क्षेत्रीय अनुसंधान योजना (एमओएफआरएस) (ii) कीट विज्ञान अनुभाग, (iii) वीबीडीसी अनुभाग (iv) स्वास्थ्य सूचना क्षेत्रीय इकाई (एचआईएफयू) तथा (v) क्षेत्रीय मूल्यांकन दल (आरईटी)।

16-22-1 Hkfedk vkj tckonsgh

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के कार्यान्वयन हेतु केन्द्र राज्य गतिविधियों का समन्वयन।
- कार्यालय परिसर में मलेरिया कार्य और मलेरिया युक्त क्लिनिक की गुणवत्ता की जांच तथा एनवीबीडीसीपी से संबंधित तकनीकी रिपोर्टों की समीक्षा/विश्लेषण।
- परिवार कल्याण सेवा के लाभार्थियों और क्षेत्रीय दौरों के दौरान बनाए गए अन्य रजिस्टरों से संबंधित रिकार्ड की जांच करना तथा परिवार कल्याण कार्यक्रम गतिविधियों से संबंधित फीडबैक देना।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में प्रयोगशाला तकनीशियनों, मेडिकल व परामेडिकल स्टाफ के साथ अन्य श्रेणी के स्टाफ के लिए अभिमुखी प्रशिक्षण आयोजित करना।

- क्षेत्रीय मूल्यांकन दल (आरईटी), स्वास्थ्य सूचना क्षेत्रीय इकाई (एचआईएफयू) तथा मलेरिया अभियान क्षेत्रीय अनुसंधान योजना (एमओएफआरएस) के दायित्वों को विशिष्ट जबावदेही।

16-22-2 Rkduhdh xfrfof/k;k dk fu"iknu

वर्ष 2015–16 में आरओएचएफडब्ल्यू द्वारा की गई गतिविधियां निम्नलिखित है:

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यान्वयन की समीक्षा हेतु राज्य कार्यक्रम कार्यालयों के साथ 257 समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं।
- जिला और उप–जिला स्तरीय स्वास्थ्य केन्द्रों के क्षेत्रीय दौरों के माध्यम से राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की थी।
- 143 राष्ट्रीय व 379 राज्य स्तरिय बैठकों में आरओएचएफडब्ल्यू से प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 74 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए थे जिनमें मलेरिया माइक्रोस्कोपी, आईसीडी–10 व अन्य गतिविधियों में 2054 प्रतिभागी प्रशिक्षित किए गए थे।
- एमओएफआरएस, आरईटी तथा सीबीएचआई दलों के माध्यम से 4 औषधि रोधी अध्ययन, 61 कीट–विज्ञानी सर्वेक्षण और 22 मूल्यांकन अध्ययन किए गए थे।
- मलेरिया के 372036 परिधीय धब्बों की जांच की गयी थी। जिसमें से 2092 स्लाइडस विसंगति वाली पाई गई। संबद्ध स्वास्थ्य परिचर्या केन्द्र को फीडबैक दिया गया था और सुधारात्मक कार्रवाई की गई थी।

16-22-3 rduhdh xfrfof/k;k

xfrfof/k;k		dy
समीक्षा बैठकें	257	
राष्ट्रीय स्तर की बैठकें	143	
राज्य स्तर की बैठकें	379	
प्रशिक्षण कार्यक्रम • मलेरिया माइक्रोस्कोपी में • सीबीएचआई संबंधित प्रशिक्षण • अन्य प्रशिक्षण	20 21 33	74
प्रतिभागी • मलेरिया माइक्रोस्कोपी में • सीबीएचआई संबंधित प्रशिक्षण • अन्य प्रशिक्षण	391 419 1244	2054
औषध रोधी अध्ययन	4	
कीट विज्ञानी सर्वेक्षण	61	
मूल्यांकन अध्ययन	22	
परिधीय धब्बा जांच	372036	
विसंगति	2092	

16-23 jk"Vªh; efMdy ykbcsjh ¼,u,e,y½] ubZ fnYyh

16-23-1 ifjp;

राष्ट्रीय मेडिकल लाइब्रेरी (एनएमएल) देश में स्वास्थ्य विज्ञान के प्रोफेशनलों को अकादमिक, अनुसंधान एवं क्लिनिकल कार्य में सहयोग देने के लिए मूल्यवान पुस्तकालय सूचना सेवाएं प्रदान करती है। यह देश की स्वास्थ्य देखभाल सूचना सुपुर्दगी प्रणाली में महत्वपूर्ण स्थान रखती है।

यह पुस्तकालय मार्च से अक्टूबर तक प्रातः 9.30 से सांय 08.00 बजे तक और नवंबर से फरवरी (शीतकाल) तक प्रात 9.30 से सांय 07.00 तक वर्ष के 359 दिन खुली रहती है। प्रतिदिन 200 से अधिक उपभोगकर्ता संदर्भ एवं परामर्श, अपेक्षित लेखों की फोटोकॉपियां प्राप्त करने तथा सूचना पुनःप्राप्ति सेवा के लिए पुस्तकालय में आते हैं।

16-23-2 'kgjh lsok,a

नेशनल मेडिकल लाइब्रेरी को उसके पुस्तकों, सामयिक पत्रों, रिपोर्टों, विशेष निबंध प्रकाशनों और पत्रिकाओं के आबद्ध खंडों का समृद्ध संग्रह के लिए जाना जाता है। लाइब्रेरी ने 1520 मुद्रित चिकित्सा पत्रिकाओं की सदस्यता ली और 90 पत्रिकाएं मुफ्त प्राप्त हुई। लाइब्रेरी ने 48.58 लाख रू. की 616 पुस्तकें और 167 सामायिक पत्र खरीदे और 37 पुस्तकें मुफ्त मिली।

लाइब्रेरी में 1.50 लाख से अधिक पुस्तकों और 6 लाख से अधिक आबद्ध पत्रिकाओं का संग्रह है। वर्ष के दौरान इसमें 29630 आगंतुक आए।

16-23-3 nLrkost fMyhoj i.kkyh

सरकारी और निजी फोटोकॉपी काउंटरों के माध्यम से डाक, ई–मेल और फैक्स के जरिये दिल्ली के बाहर से लेखों की फोटोकॉपी के लिए बड़ी संख्या में अनुरोध प्राप्त होते हैं। देशभर के चिकित्सा अनुसंधान अध्येताओं को वार्षिक रूप से लगभग 60,000 प्रतियां प्रदान की जाती है। इसमें दिल्ली से बाहर के राज्यों को लेखों की डिलीवरी के लिए डाक खर्च पर शुल्क नहीं लिया जाता।

16-23-4 vkuykbu ifCyd ,Dlsl dEI;wVj dSVykx ¼vksid½

पुस्तकालय के सर्वर और कंप्यूटर नेटवर्क से जुड़े हुए हैं जो एक समेकित पुस्तकालय प्रबंधन सॉफ्टवेयर पैकेज–लिबसिस के साथ एक लोकल एरिया नेटवर्क बनाते हैं। अब, पुस्तकालय के उपयोगकर्ताओं द्वारा ओपेक कंप्यूटर खोज के जरिए लगभग 42,500 पुस्तकों का रिकार्ड उपलब्ध है। इंटरनेट सेवाएं, जिनमें पत्रिकाओं के पूर्व पाठ शामिल हैं, प्रदान करने के लिए 2 एमबीपीएक की लीज्ड लाइनें और ब्रॉडबैंड इंटरनेट सुविधा उपलब्ध है।

16-23-5 bZvkj,ebZMh&Hkkjr bZ&if=dk la?k

एनएमएल ने देशभर में चिकित्सा अध्येताओं को प्रतिमाह चिकित्सा पत्रिकाओं से लिए गए लेखों की 8000 (8000 x 5 = 40,000 पृष्ठ) से अधिक प्रतिलिपियों का प्रसार किया। इस प्रणाली में बड़े आकार की फोटोकॉपी मशीने+श्रमशक्ति+चिकित्सा पत्रिकाओं के पुराने संस्करणों का रखरखाव, उन्हें अलमारियों में रखना तथा पत्रिकाओं के लगातार उपयोग के कारण बार–बार जिल्द चढाना।

समस्या का सामना करने के लिए, एनएमएल ने 2.5 करोड रू. खर्च करते हुए 39 संगठनों (28 आईसीएमआर संस्थान+10 डीजीएचएस संस्थान/मेडिकल कॉलेज+एम्स) हेतु जनवरी 2008 से ईआरएमईडी (चिकित्सा में इलैक्ट्रॉनिक संसाधन) इलैक्ट्रॉनिक पत्रिका संघ की शुरूआत की है।

वर्ष 2015 में एनएमएल ने कलेंडर वर्ष 2016 के लिए 70 सदस्यों हेतु ईआरएमईडी संघ के लिए 15 करोड रू. (लगभग) हेतु 249 ई–पत्रिकाओं की सदस्यता का प्रस्ताव रखा। सदस्यता को दो हिस्सों स्तर । और स्तर ।। में बांट दिया है ताकि संघ को लागत प्रभावी बनाया जा सके। (संस्थान के आकार और अंतिम उपभोक्ताओं की संख्या पर निर्भर)

16-23-6 'kk[kk iqLrdky;

एनएमएल पढ़ने के उद्देश्य से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के अधिकारियों एवं स्टाफ की पुस्तकालय और सूचना संबंधी जरूरतों को पूरा करने हेतु निर्माण भवन में एन एम एल का शाखा पुस्तकालय चला रहा है।

16-24 xzkeh.k LokLF; izf'k{k.k dsaæ] utQx<] ubZ fnYyh

ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केन्द्र, नजफगढ, नई दिल्ली की स्थापना 1937 में की गई थी। ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने के लिए अभिमुखी प्रशिक्षण केन्द्र के कार्यों को करने के लिए इसे 1954 में पुनर्गठित किया गया था। इस केन्द्र को 1960 में ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केन्द्र, नजफगढ़ के रूप में पुर्नगठित किया गया था।

16-24-1 izf'k{k.k

- रोम योजना के तहत मेडिकल इंटर्न को प्रशिक्षण इस केंद्र से लगभग 350 अवैतनिक चिकित्सा इंटर्न की ग्रामीण तैनाती हुई है।
- प्रति शैक्षणिक सत्र में 40 छात्रों के वार्षिक प्रवेश के साथ एएनएम 10+2 (व्यावसायिक) छात्रों को प्रशिक्षण।
- बीएससी/ एमएससी/ जीएनएम छात्रों को सामदुायिक स्वास्थ्य नर्सिंग प्रशिक्षण अवधि के दौरान लगभग 1000 प्रशिक्षु प्रशिक्षित किए गए थे।

16-24-2 LokLF; lsok inkuxh

नजफगढ़ क्षेत्र के 64 गांवों और 9 कस्बों के लोगों का निम्न सामाजिक–आर्थिक समूह को पीएचसी नजफगढ़ में 24x7 आपातकालीन सेवाओं सहित तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और 16 उप–केन्द्रों के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या, निवारणात्मक, संवर्धनात्मक और उपचारात्मक सेवाएं दी जा रही है। 30.9.2015 तक 209360 रोगियों को ओपीडी सेवाएं प्रदान की थीं। इसी अवधि में 42 संस्थागत प्रसव कराए गए थे।

16-24-3 {k= v/;;u

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आरसीएच, पोषण, स्वास्थ्य शिक्षा और संचारी रोगों के पहलुओं का क्षेत्र अध्ययन किया गया तथा जन स्वास्थ्य में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों अर्थात् एनआईएचएआई, एम्स को अनुसंधान कार्य हेतु क्षेत्र सेवाएं भी प्रदान की गईं।

16-24-4 vU; xfrfof/k;k

vkVh dk mUu;u% एनआरएचएम के तहत राज्य राजधानी क्षेत्र की वित्तीय सहायता से इस केन्द्र के ऑपरेशन थिएटर को पूर्णतः वातानुकुलित बनाया गया है।

,,u,e if'k{k.k fo|ky; dk l`n<hdj.k% एएनएम प्रशिक्षण विद्यालय को एएनएम विद्यालय में दो व्याख्यान कक्षों और छात्रावास में तीन कमरों और संलग्न प्रसाधन कक्षों के निर्माण के साथ सुदृढ़ किया गया है। एनआरएचएम के तहत सीडीएमओ (दक्षिण–पश्चिम), राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली द्वारा निधि निर्गत की गई थी।

vf[ky Hkkjrh; iYl ikfy;k dk;Øe% विगत बीस वर्षों से इस केन्द्र में जीएनसीटी/एमसीडी के सहयोग से प्लस पोलियो कार्यक्रम चल रहा है। इस केन्द्र में क्षेत्रीय टीका केन्द्र स्थापित किया गया है तथा गतिविधियों के पर्यवेक्षण हेतु नोडल चिकित्सा अधिकारी नियुक्त किया गया है।

MkV~l dUn% इस केन्द्र में टीबी रोगियों की जांच और उपचार के लिए जीएनसीटी/एमसीडी का एक डॉट्स केन्द्र स्थापित किया गया है। इस केन्द्र में पीएचसी के चिकित्सा अधिकारियों द्वारा बलगम की जांच के लिए रोगी भेजे जा रहे हैं।

vkbZlhVhlh dUn% एचआईवी/एड्स रोगियों के परामर्श और उपचार हेतु जीएनसीटी/एमसीडी के सहयोग से एक आईसीटीसी केन्द्र स्थापित किया गया है।

eysfj;k fDyfud% इस केन्द्र में एमसीडी का एक मलेरिया क्लिनिक संचालित है। इस केन्द्र में मलेरिया जांच हेतु चिकित्सा अधिकारियों द्वारा रोगी भेजे जा रहे हैं।

vkjlh,p f'kfoj% पीएचसी नजफगढ़ के अंतर्गत गोपाल नगर और कुतुब बिहार में आरसीएच शिविर आयोजित किए गए। आरसीएच शिविरों में आरएचटीसी द्वारा निम्नलिखित सेवाएं प्रदान की गई थीं: (i) सामान्य ओपीडी (ii) टीकाकरण सहित नवजात परिचर्या (iii) पांच वर्ष से कम बच्चों का टीकाकरण (iv) परिवार नियोजन सेवाएं (v) स्त्री गुप्तांग मार्ग रोग (vi) गर्भनिरोधक परामर्श (vii) प्रयोगशाला जांच (viii) रोगियों को औषधि वितरण (ix) दंत, नेत्र रोग तथा बाल चिकित्सा की विशेषज्ञ सेवाएं।

16-25 yMh jhfMx gYFk Ldy fnYyh

16-25-1 ifjp;

1918 में स्थापित, लेडी रीडिंग हेल्थ स्कूल, (एलआरएचएस), दिल्ली की अग्रणी संस्थानों में से एक माना जाता है और यह स्वास्थ्य–आगंतुकों के प्रशिक्षण के लिए अपनी तरह का पहला संस्थान है। स्कूल का लक्ष्य सामुदायिक स्वास्थ्य में नर्सिंग कार्मिकों की विभिन्न श्रेणियों को प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ–साथ सम्बद्ध रामचन्द्र लोहिया एमसीएच व परिवार कल्याण केन्द्र के माध्यम से एमसीएच और परिवार कल्याण सेवाएं उपलब्ध कराना। 1952 में भारत सरकार ने स्कूल को अपने अधिकार में ले लिया और इसके साथ राम चंद लोहिया एमसीएच केन्द्र को जोड़ दिया।

16-25-2 xfrfof/k;k

संस्थान वर्तमान में निम्नलिखित पाठ्यक्रम प्रदान कर रहा है–

¼i½ lgk;d ul&lg&feMokbQ ikB~;Øe

यह पाठ्यक्रम भारतीय नर्सिंग परिषद के तहत है तथा इसके लिए योग्यता मापदंड 12वीं कक्षा उत्तीर्ण है। सत्र 2015–17 के लिए इस वर्ष 40 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। कुल विद्यार्थियों की संख्या 80 है अर्थात 2014–16 व 2015–17 प्रत्येक हेतु 40 विद्यार्थी।

¼ii½ cg&mn~ns'; dk;ZdrkZ ;kstuk ds rgr LokLF; dk;ZdrkZ ¼efgyk½ ds fy, iquk&i= ikB~;Øe

इस पाठ्यक्रम की अवधि छः माह है। वर्ष में दो बार अर्थात प्रत्येक वर्ष जनवरी व जुलाई में विद्यार्थी प्रवेश लेते हैं। 34 विद्यार्थी जनवरी, 2014 से जून, 2014 के लिए चयन किए गए। सभी 34 विद्यार्थियों ने पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया और वे सभी जून 2015 में उत्तीर्ण हुए। जुलाई, 2015 से दिसंबर, 2015 बैच के लिए 35 अभ्यर्थी चुने गए और सभी ने पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया। ये छात्र दिसंबर, 2015 में अंतिम परीक्षा में बैठेंगे।

¼iii½ ikLV cfld ch-,l-lh- ¼uÉlx½ % इस संस्थान में पोस्ट बेसिक बीएससी (नर्सिंग) पाठ्यक्रम चलाने हेतु मंत्रालय का प्रशासनिक अनुमोदन स्वीकृत किया गया है।

¼iv½ unkfud vuHko

विद्यार्थियों को चिकित्सकीय अनुभव हेतु ग्रामीण और शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों, विभिन्न अस्पतालों जैसे दिल्ली में सफदरजंग, आरएमएल अस्पताल, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और कलावती सरन बाल अस्पताल और दिल्ली से बाहर के अस्पतालों में भेजा जाता है।

विद्यार्थियों को ग्रामीण क्षेत्र में अनुभव हेतु ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केन्द्र, नजफगढ़ और ग्रामीण क्षेत्र प्रशिक्षण केन्द्र छावला मे भी नियुक्त किया जाता है। विद्यार्थियों को स्कूल की 2 किमी. की परिधि में दिल्ली नगर निगम के विभिन्न एमसीएच केन्द्रों में भेजा जाता है।

¼v½ jke pan ykfg;k ,elh,p rFkk ifjokj dY;k.k dsUæ

यह विद्यार्थियों को शहरी स्वास्थ्य अनुभव हेतु क्षेत्रीय अभ्यास प्रदान करवाता है। यह 40,000 जनसंख्या को एकीकृत मातृत्व और बाल स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवाएं देता है। साप्ताहिक क्लिनिक आयोजित किए जाते है जैसे प्रसव पूर्व परिचर्या, स्वास्थ्य शिशु टीकाकरण, परिवार नियोजन क्लिनिक, हमारे छात्रों और स्टाफ द्वारा समुदाय में घर–घर सेवाएं भी दी जाती हैं।

समुदाय में टीकाकरण की स्थिति और लक्षित जोड़ों की संख्या का पता लगाने हेतु लेडी हार्डिंग स्वास्थ्य स्कूल को राम चंद लोहिया मातृत्व एवं बाल स्वास्थ्य नवजात शिशु कल्याण केन्द्र के अधीन नियमित सर्वेक्षण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। अवधि के दौरान पता लगाए गए जोड़े 7054 थे जिसने परिवार नियोजन को लगभग 70% कवरेज दी तथा सभी टीकाकरणों की 100% कवरेज पाई गई।

16-25-3 vU; xfrfof/k;k

स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम स्कूल के साथ–साथ समुदाय एवं केन्द्र में विभिन्न उपागमों द्वारा आयोजित किया गया अर्थात फिल्म प्रदर्शन, बाल प्रदर्शन, जादूगर प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कठपुतली प्रदर्शन, भूमिका नाटक के पश्चात समूह प्रदर्शनी, भाषण प्रतियोगिता।

vkbvkbVh,Q% छात्रों एवं कर्मचारियों ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रगति मैदान में भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में हिस्सा लिया।

iYl ikfy;k dk;Øe% हमारे विद्यार्थियों और स्टाफ ने दिल्ली में आयोजित पल्स पोलियो कार्यक्रम, प्रजनन बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम तथा संपूर्ण स्वास्थ्य मेला आदि में भाग लिया।

,l,u, xfrfof/k;k % एलआरएचएस में पाठ्यंतर गतिविधियों के रूप में नियमित एसएनए गतिविधियां की।

16-25-4 ctV

वर्ष 2015–16 के लिए संस्थान एवं कल्याण स्टाफ के लिए कुल बजट 4,13,00,000 रूपये (चार करोड़ तेरह लाख मात्र) है।

16-26 ,p,llhlh ¼bfM;k½ fyfeVsM] uk,Mk

16-26-1 ifjp; vkj dk;

- एचएससीसी को मार्च, 1983 में कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत 50 लाख रूपए की प्रदत्त पूंजी और 40 लाख की भुगतान पूँजी के साथ स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रलय के अंतर्गत एक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के रूप में समावेशन किया गया है। दिनांक 31.3.2015 के अनुसार कंपनी की अधिकृत पूंजी 500 लाख रुपए है जो 100/–रूपए के 5,00,000 इक्विटी शेयर में विभाजित है। दिनांक 31.3.15 के अनुसार कंपनी की प्रदत्त पूंजी 240 लाख रूपए है। इसमें इसके रिजर्व और अधिशेष में से मौजूदा शेयर होल्डर्स को वित्तीय वर्ष 2003–04 और 2008–09 के दौरान जारी क्रमशः 120 लाख और 80 लाख रूपए का बोनस शामिल है। शुरूआत से ही कंपनी के सारे कारोबार का प्रबंधन सरकार या अन्य किसी स्रोत से किसी भी ऋण के बगैर किया गया है। एचएसएलसी ने सितम्बर, 1999 से 'मिनी रत्न' का दर्जा कायम रखने में उत्कृष्टता दर्शायी है।

- एचएससीसी स्वास्थ्य परिचर्या अवसंरचना जैसे अस्पताल मेडिकल कॉलेज प्रयोगशालाएं तथा चिकित्सा उपकरणों एवं भेषजों के प्रापण के क्षेत्रों में एक बहुविषयक प्रसिद्ध परामर्शदाता संगठन है। इसके सेवा स्पेक्ट्रम में संभाव्यता अध्ययनों, डिजाइन इंजीनियरिंग, विस्तृत निविदा प्रलेखन, निर्माण पर्यवेक्षण, व्यापक परियोजना प्रबंधन, सिविल, विद्युत, मेकनिकल, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सहायक चिकित्सा सेवा क्षेत्रों में प्रापण सहायता सेवाएं कवर की गई है। इसके प्रमुख ग्राहक हैं:

  - ➢ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और इसके अस्पताल/संस्थान,
  - ➢ विदेश मंत्रालय एवं अन्य मंत्रालय,
  - ➢ राज्य सरकार एवं उनके अस्पताल/संस्थान,
  - ➢ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/अन्य संस्थान जैसे आईसीएमआर, सीएसआईआर, आईसीएआर, डीओबीटी, पीआईएमएस, पीजीआई, चंडीगढ़ और अन्य व्यापार सहयोगी।

स्वास्थ्य अवसंरचना क्षेत्र में ज्ञान प्रबंध कंसलटेंसी कंपनी होने के कारण एचएससीसी आर्किटेक्ट, इंजीनियर, इकोनोमिस्ट, चार्टर्ड एकाउंटेंटस, कोस्ट एकाउंटटेंटस, एमबीए का प्रतियोगी और अत्यंत दक्ष संवर्ग है और मेडिसिन एवं कोरपोरेट प्लानिंग आदि के लोगों में कंसलटेंटस का पूल है। एचएससीसी में सभी स्तरों पर कार्यरत कर्मचारियों के संबंध अच्छे हैं।

विश्वस्तरीय परामर्शी संगठन में विकसित करने के लिए कंपनी के ऑपरेशनों और ग्राहक आधार का विस्तार करने तथा विविधीकरण पर बल दिया गया है। इसके अतिरिक्त, कंपनी विदेश मंत्रालय के जरिए व्यावसायिक अवसरों को तलाशने पर विचार कर रही है।

कंपनी आईएसओ 9001 मान्यता प्राप्त कंपनी है। कंपनी ने समय–समय पर गुणवत्ता आश्वासन प्रणाली और अपने ग्राहकों के गुणवत्ता आश्वासन तथा अपने ग्राहकों की संतुष्टि में वृद्धि के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं। कंपनी "आईएसओ 9001:2008" प्रमाणित कंपनी है और इसके पास अपनी विभिन्न परियोजनाओं और दायित्वों की आवश्यकतानुसार आंतरिक गुणवत्ता नियंत्रण है।

कंपनी अच्छे कॉरपोरेट शासन आचरणों का अनुसरण करती है। कंपनी में कॉरपोरेट शासन आचरण पारदर्शिता, सत्यनिष्ठा, व्यावसायिकता, जिम्मेवारी और उपयुक्त प्रकटीकरण, ज्ञान प्रबंध प्रणाली, ई–टेंडरिंग, ई–प्रापण, आतंरिक सह सहवर्ती ऑडिट पर केन्द्रित हैं।

16-26-2 py jgh ieq[k ijke'khZ ifj;kstukvksa dk lkj

d- okLrq vk;kstuk] fMtkbu bathfu;fjx ,oa ifj;kstuk izca/ku lsok,a

- एम्स कैंपस, अंसारी नगर, नई दिल्ली में एम्स के ओपीडी ब्लाक, छात्रावास ब्लाक, मदर एंड चाइल्ड ब्लाक, पेड वार्ड, सर्जिकल ब्लॉक के लिए एम्स में विनिर्माण कार्य।
- सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली का सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक और आपातकालीन ब्लॉक का पुनर्विकास (चरण–I) किया जा रहा है।
- डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली में सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक।
- सरिता विहार, नई दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (आयुष विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय) का निर्माण।
- लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली के लिए व्यापक पुनर्विकास योजना।
- राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र (एमसीडीसी), नई दिल्ली
- एम्स, रायबरेली में आवास तथा अस्पताल का विनिर्माण
- एम्स, झज्जर (हरियाणा), दूसरे परिसर में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान का विनिर्माण

- जीएमसी, पटियाला में नर्सिंग कॉलेज और राष्ट्रीय स्तर फिजियोथिरेपी वर्कशाप और सब– स्टेशन कार्य, जीएमसी, पटियाला।
- उन्नत कैंसर नैदानिक, उपचार और अनुसंधान केन्द्र, भटिंडा।
- कल्पना चावला शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, करनाल, हैदराबाद
- पीजीआईएमईआर, संगरूर (हरियाणा), ने सेटेलाइट केन्द्र का निर्माण
- पीएमएसएसवाई के तहत सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय, अमृतसर में गुरू तेग बहादुर नैदानिक केन्द्र का निर्माण
- पीएमएसएसवाई के तहत कोलकाता चिकित्सा महाविद्यालय में सुपर स्पेशियलिस्टी ब्लाक, ओपीडी और शैक्षणिक ब्लाक का निर्माण
- पीएमएसएलवाई के तहत भुवनेश्वर (ओडिसा) मे एम्स आवासीय बैलेंस तथा फेस II का निर्माण
- आईआईटी खडगपुर के लिए 750 बिस्तरों वाले अस्पताल (चरण–I 400 बिस्तर) का निर्माण
- पशु चिकित्सा जैविक उत्पाद संस्थान, पुणे के लिए वैंक्सीन प्रोसेसिंग सुविधाएं
- कोचीन (केरल) में कैंसर अस्पताल का विनिर्माण
- चरण III कार्य के तहत राष्ट्रीय यूनानी औषध संस्थान (एनआईयूएम) बैंगलुरू, रेजीमेंटल थेरेपी ब्लाक, ऑडिटोरियम एवं फार्मेसी भवन का निर्माण
- राष्ट्रीय पशु जैव–प्रौद्योगिकी संस्थान, हैदराबाद
- डॉ. आर.पी. मेडिकल कॉलेज, कांगडा के लिए आवास व छात्रावास का निर्माण।
- निम्हांस, बैगलुरू के तंत्रिका विज्ञान सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक निर्माण
- बैंगलुरू मेट्रो रेल निगम के लिए बेंगलुरू चिकित्सा महाविद्यालय के परिसर में माता एवं शिशु मेट्रो ब्लाक
- एनआरएचम – छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, केरल और हिमाचल प्रदेश
- नाहरलागुन (आंध्र प्रदेश) में सार्वजनिक अस्पताल का निर्माण
- आरआईएमएस, इम्फाल ओपीडी ब्लॉक का निर्माण
- क्षेत्रीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान (आरआईएमएस) इम्फाल में पीजी पुरूष एवं महिला होस्टल, यूजी
- महिला हास्टल, नर्सिंग होम और इंटरनी अस्पताल का निर्माण (पैकेज–I)
- आरएमआरसी, डीब्रूगढ़ में बायो–सेफ्टी स्तर–3 प्रयोगशाला निर्माण
- तेजपुर स्थित एलजीबीआरआईएमएच (मुख्य भवन) (175.16 करोड रू.) का उन्नयन कार्य।
- एनईआईजीआरआईएचएमएस, शिलांग के लिए पूर्वोत्तर आयुर्वेद एवं होम्योपैथी संस्थान का निर्माण

fon'k

- बीर अस्पताल, काठमांडू, नेपाल के लिए 200 बिस्तर वाला आपातकालीन एवं अभिघात केन्द्र
- डिकोया, श्रीलंका में जिला जनरल अस्पताल

[k- iki.k ic/ku lok,

- सुपर स्पेशियलिटी एवं आपातकालीन ब्लॉक/ सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली के लिए मेडिकल उपकरण।
- कल्पना चावला सरकारी मेडिकल कॉलेज, करनाल, हरियाणा के लिए मेडिकल उपकरण।
- केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के लिए औषध एवं उपकरण।
- एआईआईए, सरिता विहार के लिए उपकरण की खरीद

- एनईआईजीआरआईएचएमएस, शिलांग के लिए चिकित्सा उपकरण।
- बीर अस्पताल, काठमांडू, एमईए के लिए चिकित्सा उपकरण।
- श्रीलंका के लिए चिकित्सा उपकरण की आपूर्ति।
- यांगान और सितवे म्यांमार के लिए चिकित्सा उपकरण।

16-26-3 foÙkh; fof'k"Vrk,¡

कंपनी ने अब तक का सबसे अधिक कुल आय, परामर्श शुल्क, कर पूर्व लाभ, कर पश्चात लाभ राजस्व और अतिरिक्त तथा लाभांश रिकार्ड किया।

विगत वर्ष के 60.45 करोड़ रुपए की तुलना में इस वर्ष 63.65 करोड़ रुपए की आय प्राप्त की जो 5.62% की वृद्धि दर्शाती है। विगत वर्ष के 39.19 करोड़ रुपए के परामर्श शुल्क की तुलना में इस वर्ष 42.28 करोड़ रुपए प्राप्त किया जो 7.88 प्रतिशत की वृद्धि है।

कंपनी ने विगत वर्ष के 32.14 करोड़ रुपए की तुलना में इस वर्ष 37.95 करोड़ रुपए की कर पूर्व लाभ कमाया। अतः कंपनी ने वर्ष 2014–15 के लिए कर पूर्व लाभ में 2.18 प्रतिशत की वृद्धि की। कंपनी ने विगत वर्ष के 23.98 करोड़ रुपए की तुलना में इस वर्ष 24.54 करोड़ रुपए का निवल लाभ अर्जित किया जो 2.34 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

एचएससीसी में वर्ष 2014–15 के लिए वर्तमान वर्ष के लाभ में से 2.18 करोड़ रुपए की प्रदत्त पूंजी पर 205 प्रतिशत के लाभांश की सिफारिश की गई है। कंपनी ने लगातार 30वें वर्ष लाभांश घोषित किया। इस वर्ष लाभांश का भुगतान करने पर भारत सरकार को भुगतान किया गया, संचयी लाभांश 42.42 करोड़ रुपए होगा जो कंपनी के प्रदत्त इक्विटी पूंजी का लगभग 17 गुना होगा।

16-26-4 dkikjV lkekftd mRrjnkf;Ro

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी ने कोर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में निम्नलिखित प्रयास किए हैं:

- डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान ''स्वच्छ गंगा निधि'' और रक्तदान शिविर के योगदान हेतु 40.20 लाख रू. (चालीस लाख बीस हजार रूपए मात्र) का योगदान किया।

16-27 ,p,y,y ykbQd;j fyfeVM

16-27-1 ifjp;

एचएलएल लाइफकयर लिमिटेड (एचएलएल) का गठन वर्ष 1966 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में किया गया। एचएलएल का पहला प्लांट दिनांक 5 अप्रैल, 1969 को केरल राज्य के तिरुवनंतपुरम जिले में पेरूरकाडा में मैसर्स ओकामोटो इंडस्ट्रीज जापान के तकनीकी सहयोग से शुरू किया था। आज 7 विनिर्माण प्लांटों के साथ एचएलएल एक बहुउत्पाद, बहुइकाई संगठन के रूप में विकसित हो गया है जो मानव जाति की विभिन्न जन स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान करता है। वर्ष 2003 में, जब एचएलएल का 163 करोड़ आईएनआर का अच्छा टर्नओवर था, उसने वर्ष 2010 तक 1000 करोड़ आईएनआर टर्नओवर की कम्पनी बनने का लक्ष्य निर्धारित किया था। एचएलएल ने वर्ष 2010 तक न केवल उससे अधिक लक्ष्य हासिल किया बल्कि वर्ष 2020 तक 10 गुना अधिक विकास का लक्ष्य निर्धारित किया है।

अब, एचएलएल एक मिनी रत्न, अनुसूची 'ख' केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है। एचएलएल विश्व की एकमात्र कंपनी है जो इतनी व्यापक किस्मों के गर्भनिरोधकों का निर्माण और विपणन करती है। आज एचएलएल के पास प्रतिवर्ष 1.9 बिलियन कंडोम का उत्पादन करने की क्षमता है, जो इसे कंडोम निर्माण में विश्व की अग्रणी कंपनी बनाता है, जो कि विश्व उत्पाद क्षमता का लगभग 10% है।

देश की स्वास्थ्य परिचर्या की आवश्यकता को पूरा करने के लिए नवप्रवर्तन उत्पादों, सेवा और सामाजिक कार्यक्रम की व्यापक श्रृंखला के साथ एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड "स्वस्थ पीढ़ी हेतु नवप्रवर्तन" के लक्ष्य के साथ कार्य कर रहा है।

16-27-2 foRrh; ifj.kke% 2014&15

कंपनी का 31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष का वित्तीय निष्पादन निम्नवत् हैं:

(लाख में)

foRrh; fooj.k	Lor¡=		Lkefdr	
	2014-15	**2013-14**	**2014-15**	**2013-14**
परिचालन से आय (सकल)	106438.70	94726.54	111363.76	95421.00
उत्पाद शुल्क	633.74	558.38	810.69	563.04

परिचालन से आय (निकल)	105804.96	94168.16	110553.07	94857.96
अन्य आय	398.37	1200.67	455.49	1189.49
कुल आय	106203.33	95368.83	111008.56	96047.45
कराधान से पूर्व लाभ	3752.79	3621.08	3903.12	3627.69
कराधान व्यय	597.65	1050.31	589.22	1048.84
वर्ष के दौरान लाभ	3155.14	2570.77	3313.90	2578.85
लाभांश (लाभ वितरण पर कराधान सहित)	465.87	452.86	465.87	452.86
जनरल रिजर्व को स्थानांतरण	2689.31	2081.11	2801.22	2086.44

एचएलएल ने अपने कार्यों से पिछले वर्ष के 941.68 करोड़ रुपए की तुलना में वर्ष 2014–15 के दौरान 1,058.04 करोड़ रुपए का सर्वाधिक राजस्व प्राप्त किया। वर्ष 2013–14 के 78.73 करोड़ रुपए के मुकाबले ब्याज, कर, स्फीति और ऋणमुक्ति (ईबीआईटीडीए) से पहले आय 9.71% बढ़कर 85.99 करोड़ रुपए हो गई। कर चुकाने से पहले लाभ (पीबीटी) पिछले वर्ष 2013–14 में 36.21 करोड़ रुपए की तुलना में 37.53 करोड़ रुपए था। कर चुकाने के बाद लाभ (पीएटी) वर्ष 2013–14 के 25.71 करोड़ रुपए की तुलना में 31.55 करोड़ रुपए था। निवल संपत्ति 426.28 करोड़ रुपए थी जो पिछले वित्तीय वर्ष 399.39 करोड़ रुपए की तुलना में 6.7% अधिक थी।

16-27-3 Hkkfrd fu"iknu% 2014&15

एचएलएल की विनिर्माण गतिविधियों की समीक्षा निम्नवत् है:

d- l	mRikn	bdkb	LFkkfir {kerk	x|.kkRed fofuekZ.k ¼fiNyk o"kZ½	{kerk mi;kx ¼%½
1	कंडोम	मिलीयन. पीस	1801.00	1819.00 (1638.00)	101.00
2	रक्त बैग	मिलीयन. पीस	12.50	12.52 (11.05)	100.14
3	टांका	लीटर डजन	6.00	1.74 (1.42)	29.12
4	सीयू–टी	मिलीयन. पीस	5.50	4.87 (5.12)	88.63
5	सेटेरिओडल ओ सी पी	मिलीयन साइकलस	98.66	41.25 (32.25)	41.81
6	गैर सेटेरिओडल ओ सी पी	मिलीयन टबलेटस	30.00	38.81 (28.49)	129.37
7	सेनेट्री नेपकीन	मिलीयन. पीस	315.00	126.44 (97.60)	40.14
8	गर्भ जांच कार्ड	मिलीयन. पीस	26.00	13.67 (17.75)	52.58

16-27-4 vu"kxh vkj l;Dr mn;e

¼i½ ,p,y,y ck;kVd fyfeVM ¼,pch,y½

एच एल एल बायोटेक लिमिटेड (एचबीएल) जो पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, ने 12 मार्च, 2015 को अपनी स्थापना के तीन वर्ष पूरे कर लिए हैं। भारत सरकार के वैश्विक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) हेतु टीके के निर्माण और आपूर्ति के राष्ट्रीय महत्व की परियोजना अत्याधुनिक एकीकृत टीका परिसर का निर्माण अपनी समापन के अंतिम चरण में है। इंजीनियरिंग कार्य जैसे सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, एचवीएसी, मोडयूलर, जलशोधन प्रणाली, डीजी कार्य, ईटीपी/एसटीपी, सब–स्टेशन और लोंग लीड प्रोसेस इंजीनियरिंग उपकरण खरीद आदि परियोजना कार्यान्वयन सूची के अनुसार हो रहे हैं।

एच बी एल ने लोन लाइसेंस करार के तहत टीका ब्रांड 'पेंटाहिल' (पैंटावेलेंट हेतु) और "हिवेक–बी" (हेपाटाइटिस–बी हेतु) के प्रमोशन के साथ 30 जनवरी, 2015 को व्यापार परिचालन शुरू किया।

एच बी एल ने रेबिज टीके के लिए गृह प्रौद्योगीकी विकास सफलतापूर्वक कर लिया है। टीआईसीईएल बायोपार्क में कंपनी द्वारा रेबिज टीका तैसार किया गया और मई 2014 के दौरान एक वर्षीय रियल टाइम स्टेबिल्टी हेतु एनसीएलएएस, हैदराबाद में जांच किया गया था। एचबीएल रेबिज टीके की अपेक्षित स्टेबिल्टी जांच से संपुष्टि हुई। दो वर्षीय रिपल टाइम स्टेबिल्टी मई, 2015 के बाद भारतीय पाश्चर संस्थान, कूनूर में निर्धारित है।

एच बी एल ने क्रिश्चन मेडिकल कॉलेज (सीएमसी), वेलोर से क्लिनीकल आयसोलेट/स्ट्रेन की व्यवस्था कर टीआईसीएल बॉयोपार्क में हेपाटाइटिस टीके का प्रयोगशाला स्तरीय निर्माण भी आरंभ किया है।

एच बी एल ने बीसीजी–वीएल, गुएंडी को बीसीजी टीके के लिए सीड और प्रौद्योगिकी हेतु प्रौद्योगिकी साझेदार के रुप में चुना है। खसरे का विकास और निर्माण, जेई और पेटावेलेंट टीके का सूत्रीकरण हेतु समान प्रौद्योगिकी चयन की प्रक्रिया चल रही है।

एच बी एल ने फरवरी, 2016 आईवीसी परियोजना के मेकेनिकल समापन तथा तक वैधकरण प्रक्रिया शुरू करने, सितंबर, 2016 तक टीकों के परिक्षण बैचों का उत्पादन करने और दिसंबर, 2017 तक वाणिज्य उत्पादन आरंभ करने लक्ष्य निर्धारित किया है।

¼ii½ xkok ,Vhck;kfVd ,M QkekZflfVdy fy-

वर्ष 2013–14 के दौरान, एचएलएल ने फार्मा क्षेत्र में एचएलएल द्वारा लक्षित वृद्धि के अनुरूप एचएलएल की फार्मा निर्माण क्षमताएं बढ़ाने हेतु मैसर्स गोवा एंटीबायोटिक फार्मासिटिकल लि. (जीएपीएल), गोवा सरकार का सार्वजनिक उपक्रम के भुगतान किए गए शेयर का 74% प्राप्त किया है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, जीएपीएल की परिचालन राजस्व विगत वर्ष की तुलना में 22.58% बढ़ी है। जीएपीएल फार्मा सिटीकल सूत्र निर्माण कंपनी है और चिकित्सा की एलोपेथी, आयुर्वेद और होम्योपैथी प्रणालियों की औषधियां बनाती है। सूत्रों की बहुतायत आपूर्ति राज्य संस्थानों/अस्पतालों को की जाती है। जीएपीएल स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के अधीन एकमात्र फार्मासिटिकल सूत्र निर्माण कंपनी है जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य परिदृश्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। कंपनी ने मुख्यतः तीन क्षेत्रों अर्थात् (i) जेनेरिक औषधि (ii) ओवर द काऊंटर ड्रग्स (ओटीसी) तथा (iii) एचएलएल के कारपोरेट विजन 2020 योजना के साथ समानता रखने और व्यापार बढ़ाने हेतु अनुबंध निर्माण पर ध्यान देने की योजना बना रही है।

31 मार्च 2015 तक जीएपीएल की प्राधिकारी तथा भुगतान की अंशपूंजी क्रमशः 25 करोड़ रुपए और 19.02 करोड़ रुपए है। जीएपीएल में एचएलएल लाइफ केयर लिमिटेड (धारक कंपनी) का शेयर धारण 74% है और शेष 26% ईडीसी लिमिटेड द्वारा धारण किए गए है।

¼iii½ ,p ,y ,y bQkVd lfofll fyfeVM ¼,pvkbVhb,l½

एचआईटीईएस, की गठन एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड के स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में 03 अप्रैल, 2014 को सेवा प्रदान करने के कारोबार को संभालने अर्थात् अवसंरचना विकास, सुविधा प्रबंधन, प्रापण परामर्श और संबद्ध सेवाएं, प्रदान करने तथा इन क्षेत्रों में व्यवसाय सम्भावनाओं का पता लगाने के लिए किया गया था। प्रारंभिक वर्ष के दौरान सभी चल रही परियोजनाएं एचएलएल द्वारा व्यवस्थित की जा रही थी, तदनुसार कंपनी ने समीक्षाधीन अवधि के दौरान राजस्व नहीं बनाया। एचएलएल संबंधित ग्राहकों की मंजूरी के बाद उप–संविदा परियोजनाओं को एचआईटीईएस (चल रही और आगामी परियोजनाएं) को देने की योजना बना रहा है। अतः कंपनी को वर्ष 2015–16 से राजस्व प्राप्त करने की अपेक्षा है।

केन्द्र सरकार के पास कई ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा केन्द्र, एम्स जैसे संस्थान, नए चिकित्सा महाविद्यालय, राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय नर्सिंग और पेरामेडिकल विज्ञान संस्थान आदि के गठन का प्रस्ताव हैं। ग्रामीण और शहरी भारत में स्वास्थ्य परिचर्या अवसंरचना में निवेश करने के लिए प्रचुर अवसर है। वर्ष 2025 के अंत तक 1.8 मिलियन बिस्तर वाले अस्पताल की आवश्यकता होगी। भौतिक अवसंरचना भारत में आने वाले वर्षों में उच्च वृद्धि दर की दिशा में और सामाजिक अवसंरचना (विशेषतः स्वास्थ्य, स्वच्छता व शिक्षा) में समावेशी वृद्धि की दिशा में देश की सहायता करेगी। एचआईटीईएस मुख्य तौर पर स्वास्थ्य परिचर्या अवसंरचना विकास और संबद्ध क्षेत्रों पर केन्द्रित होगा। अतः आशा है कि उपर्युक्त अवसरों से एचआईटीईएस के व्यवसाय संभावनाएं बढ़ेंगी।

¼iv½ ykbQ fLiax gkfLiVYl ikboV fyfeVM

वर्ष 2014–15 के दौरान, लाइफ स्प्रींग होस्पिटलस प्राइवेट लिमिटेड (एलएसएच) एचएलएल लाइफ केयर और एक्यूमेन फंड के बीच 50:50 का संयुक्त उद्यम की व्यापार आय में वर्ष 2013–14 की तुलना में 22.50% की वृद्धि हुई। एलएसएच ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 7618 प्रसव कराए हैं। वर्तमान में यह संयुक्त उद्यम हैदराबाद में 12 अस्पतालों का समूह चला रहा है। इन अस्पतालों में से 31.03.2015

को एक अस्पताल ने परिचालन के 7 वर्ष पूरे किए है तथा 2 अस्पतालों ने 6 वर्ष, 3 अस्पतालों ने 5 वर्ष तथा शेष 6 अस्पतालों ने 4 वर्ष पूरे कर लिए है। वर्ष 2014–15 के दौरान कंपनी ने 52.59 लाख का नकद लाभ प्राप्त किया है।

16-27-5 fgnLrku yVDl Qfeyh Iykfuax iekk'ku VLV ¼,p,y,QihihVh½

एच एल एल लाइफ केयर लि. द्वारा स्थापित एचएलएफपीपीटी एक लाभरहित व्यवसायिक स्वास्थ्य सेवा संगठन है। यह निम्नलिखित क्षेत्रों की परियोजनाएं चलाता है:

- सामाजिक विपणन एवं फ्रेंचाइजिंग।
- एनआरएचएम को एचआईवी हेतु निवारण, परिचर्या और सहयोग और तकनीकी सहायता देना।
- ज्ञान प्रबंधन
- कॉरपोरेट सामाजिक जबावदेही परियोजना पर पीएसयू तथा निजी कॉपोरेट को लुभाना।

एचएलएफपीपीटी बाल स्वास्थ्य, एचआईवी और एड्स परिचर्या और सहयोग कार्यक्रमों के कार्यान्वयन हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, कई राज्य सरकारों और अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसियों की साझेदारी में सहयोग प्रदान कर रहा है।

वर्ष के दौरान उपलब्धियां निम्नवत् है:

¼i½ lkekftd foi.ku

वर्ष 2014–15 में, राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) ने छह राज्यों अर्थात् आंध्र प्रदेश, बिहार, दिल्ली, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड में लक्षित कंडोम सामाजिक विपणन कार्यक्रम का कार्यान्वयन एचएलएलपीपीटी को प्रदान किया है। इन राज्यों में बिक्री उपलब्धि है: उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड में 244.69 मिलियन कंडोम, बिहार में 60.12 मिलियन कंडोम, मध्य प्रदेश में 64 मिलियन कंडोम, दिल्ली में 23 मिलियन कंडोम तथा आंध्र प्रदेश में 34 मिलियन कंडोम।

वित वर्ष 2014–15 के दौरान, एचएलएफपीपीटी बिहार व ओडिशा राज्य में मानकीकृत मूल्य पर गुणवत्ता परक परिवार नियोजन (एफपी) सेवा प्रदान कर सका।

¼ii½ lkekftd QUpkbftx

- उत्तर प्रदेश: मेरीगोल्ड हेल्थ नेटवर्क (एमजीएचएम) मॉडल उच्च गुणवत्ता वाला किफायती एमसीएच और एफपी सेवाएं प्रदान करने हेतु उत्तर प्रदेश के 38 जिलों में स्थापित समाजिक फ्रेंचाइजिंग मॉडल है। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2014–15 में एमजीएचएन के तहत सूचना, परामर्श और संदर्भ सेवा के लिए दूरस्थ गांव/झुग्गी झोपड़ी स्थलों पर 9,516 मेरी तरंग सदस्यों सहित 38 जिलों में 80 मेरी गोल्ड अस्पताल, 180 मेरी सिल्वर क्लाइंट परिचालित थे।
- राजस्थान: मेरी गोल्ड के तहत राजस्थान के 19 जिलों में मातृत्व स्वास्थ्य उत्पाद व सेवा तक पहुंच परियोजना परिचालित है। वर्ष के दौरान 40 फ्रेंचाइजिंग सहित एमजीएचएन बढ़ी जिसमें से 21 शहरी और 19 ग्रामिण क्षेत्रों में है। समीक्षा के बाद, हमने 1286 मेरी तरंग सदस्यों का चयन किया है।
- आंध्र प्रदेश: वर्ष 2014–15 के दौरान शुरू सूचना, परामर्श और संदर्भ सेवाएं प्रदान करने के लिए दूरस्थ ग्रामीण स्थलों पर 368 सामुदायिक स्तर स्वैच्छिक अथवा मेरी तरंग साझेदारों सहित 11 मेरी गोल्ड अस्पताल 8 जिलों में परिचालित है। वर्ष 2014–15 में, नेटवर्क को प्रदत्त सेवाओं में एएनसी को 677 बाह्य रोगी सेवा, 91 प्रसव और 5 गर्भाशय सेवाएं शामिल हैं।

¼iii½ ;kSu ,oa iztuu LokLF; esa ,pvkbZoh dk;Z iz/k vkSj rduhdh lg;kx ¼2014&15½

तकनीकी सहयोग समूह (टी एस जी) सामाजिक विपणन कंडोम, लॉगस्टिक सुदृढ़ीकरण, उपलब्धता व सुलभता हेतु मांग वृद्धि जारी रखना सुनिश्चित करने के आशय से अनिवार्य कंडोम संवर्धन है और नाको के साथ मिलकर निःशुल्क कंडोम के अपव्यय को कम करने का काम कर रहा है।

¼iv½ Kku i c/ku

एचएलएफपीपीटी एचआईवी/एड्स की विभिन्न परियोजना, सामाजिक विपणन में दस्तावेजीकरण अध्ययन के और एनएसीपी–IV, एनआरएचएम और एफपी 2020 के तहत प्रजनन स्वास्थ्य व चलाए जाने वाले क्षमता निर्माण से संबंधित अनुसंधान आयोजित करने के उद्देश्य वाली एक ज्ञान प्रबंधन स्थापित इकाई हैं।

¼v½ dkiksjV lkekftd tckongh

एचएलएफपीपीटी का सीएसआर एचएलएफपीपीटी की परियोजनाओं वे कार्याक्रमों के लिए निधि के स्रोत तथा आदि से अंत तक सीएसआर साधन के लिए कॉपोरेट के मुख्य साझेदार के रुप में संगठन की स्थिति बनाए रखने के लिए जबावदेह है। वर्ष 2014–15 में आगे बढ़ते हुए, कॉपोरेट क्षेत्र के साथ सीएसआर की साझेदारी नए कार्यक्रम जोड़ने के माध्यम से बढ़ी है। नए कॉर्पोरेट है सुजलोन एनर्जी, जिंदल स्टील एंड पॉवर लिमिटेड, डीएलएफ, एस्सर स्टील एंड ऑयल एंड गैस।

- सीआईआई (दिल्ली, चैन्नई, लखनऊ व रायपुर)
- एफआईसीसीआई (दिल्ली)
- एसोचेम (दिल्ली)
- पीएचडीसीआईआई (दिल्ली)

एचएलएफपीपीटी का राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, जो सीएसआर पर मुख्य रुप से केन्द्रित है, के साथ सक्रिय समन्वयन है। इनमें शामिल हैः–

- यूनाइटेड नेशनल ग्लोबल कॉमपेक्ट
- आईआईसीए